# मेट्रो Rays
आगे रखने का वादा
सांध्य दैनिक

रांची, गुरुवार, 22 मई 2025
संवत 2082, ज्येष्ठ कृष्णपक्ष-9 मूल्य 2 रुपये
वर्ष-8, अंक 257, पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▶▶ नहीं चेते तो बढ़ेगा संकट

साई पल्लवी ने दमदार किरदारों से बनाई अलग पहचान ◀◀ 6


### पाक सीमा पर बीकानेर में गरजे पीएम मोदी

# जब सिंदूर बारूद बन जाए, तो परिणाम निर्णायक होते हैं



**बीकानेर :** बीकानेर की वीरभूमि से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आतंकवाद पर कड़ा संदेश देते हुए कहा कि जब सिंदूर बारूद बन जाता है, तो उसका अंजाम पूरी दुनिया देखती है। उन्होंने पहलगाम में हुए आतंकी हमले का ज़िक्र करते हुए कहा कि भारत ने आतंक के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई की और दुश्मन के घर में घुसकर प्रहार किया। 22 अप्रैल को हुए हमले का बदला सेना ने 22 मिनट में ले लिया।

प्रधानमंत्री ने कहा, हमने सेना को फ्री हैंड दिया, और आतंक के ठिकानों को मिटा दिया। जो सिंदूर मिटाने निकले थे, उन्हें मिट्टी में मिला दिया है। यह प्रतिशोध नहीं, न्याय का नया स्वरूप है। यह 'ऑपरेशन सिंदूर' है।

पीएम मोदी ने साफ किया कि यह केवल गुस्सा नहीं, बल्कि समर्थ भारत का रौद्र रूप है। पुलवामा हमले के बाद एयर स्ट्राइक की याद दिलाते हुए उन्होंने कहा कि उस हमले के बाद उनकी पहली सभा भी राजस्थान की सीमा पर ही हुई थी। उन्होंने कहा, जो अपने हथियारों पर घमंड करते थे, वो अब मलबे के नीचे दबे पड़े हैं।

**विकास और ऊर्जा परियोजनाओं की सौगात :** प्रधानमंत्री ने अपने भाषण के दूसरे हिस्से में राजस्थान को ऊर्जा और सिंचाई की नई सौगातें दीं। उन्होंने कहा कि सोलर एनर्जी के माध्यम से राजस्थान के लोगों को बिजली बिल से राहत मिली है और कमाई का नया जरिया भी बना है। इस अवसर पर कई ऊर्जा परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण भी हुआ।

राजस्थान की धरती का महत्त्व बताते हुए उन्होंने कहा कि ये महाराजा गंगा सिंह की भूमि है, जिसने रेत के मैदानों में हरियाली लाने का सपना साकार किया। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार सिंचाई और नदी जोड़ो परियोजनाओं को प्राथमिकता दे रही है। पार्वती-कालीसिंध-चंबल लिंक प्रोजेक्ट से राजस्थान के अनेक जिलों को पानी मिलेगा और किसानों को फायदा पहुंचेगा।

**भावनात्मक अपील :** प्रधानमंत्री ने कहा कि 13 अप्रैल को आतंकियों ने हमारी बहनों के मांग का सिंदूर छीना था। वह गोलियां पहलगाम में चली थीं लेकिन वो 140 करोड़ हिंदुस्तानियों के सीने पर लगी थीं। देश ने एकजुट होकर आतंक के खिलाफ युद्ध का संकल्प लिया और आज हम उसे पूरा कर रहे हैं।

## झारखंड को पीएम मोदी की सौगात 3 रेलवे स्टेशनों का किया उद्घाटन

**रांची :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज 22 मई को अमृत भारत योजना के तहत झारखंड वासियों को बड़ी सौगात दी। उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 3 आधुनिकीकृत रेलवे स्टेशनों का वर्चुअल उद्घाटन किया। इस योजना के तहत राज्य में 3 रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास किया गया है। इनमें गोविंदपुर रोड, शंकरपुर और राजमहल रेलवे स्टेशन शामिल हैं। अमृत भारत योजना के तहत झारखंड के 57 रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास किया जा रहा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूरे देशभर में कुल 103 अमृत भारत स्टेशनों का उद्घाटन किया। इनमें झारखंड के तीन रेलवे स्टेशन भी शामिल हैं। खूंटी जिले के गोविंदपुर रोड स्टेशन, साहिबगंज जिले के राजमहल और देवघर जिले के शंकरपुर में अमृत भारत रेलवे स्टेशन का ऑनलाइन उद्घाटन हुआ। विडियो कॉल के माध्यम से प्रधानमंत्री ऑनलाइन यात्रियों को संबोधित किया।

**शंकरपुर स्टेशन का हुआ कायाकल्प :** शंकरपुर स्टेशन की सूरत पूरी तरह बदल दी गयी है। स्टेशन में यात्री शेड, रेलवे टाइम टेबल के लिए लाइटेड साइनेज, सुविधायुक्त प्लेटफॉर्म, अंडर पास, अत्याधुनिक टिकट काउंटर, वेटिंग हॉल और पार्किंग की व्यवस्था की गयी है। साथ ही स्टेशन के अंदर और बाहर लाइट भी लगायी गयी है। इसके अलावा स्टेशन पर फुट ओवरब्रिज, शौचालय और रैंप को भी विकसित किया गया है। स्टेशन की नयी बिल्डिंग का भी निर्माण हुआ है। नये रूप में शंकरपुर स्टेशन को आधुनिकता के प्रतीक के रूप में स्थापित किया गया है। देवघर एम्स के नजदीकी रेलवे स्टेशन के तौर पर शंकरपुर हॉल्ट को स्टेशन के रूप में विकसित किया गया है।

**राजमहल स्टेशन की बदली तस्वीर :** राजमहल रेलवे स्टेशन झारखंड का एक महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशन है, जिसका ऐतिहासिक महत्व बहुत अधिक है। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत इस स्टेशन को विकसित किया गया है। इस स्टेशन के निर्माण में यात्री सुविधाओं के साथ-साथ इस क्षेत्र के समृद्ध इतिहास को भी सहज रूप से एकीकृत किया गया है।

**रिकॉर्ड समय में पूरा हुआ गोविंदपुर स्टेशन का काम :** रांची डिवीजन के अंतर्गत आने वाले गोविंदपुर स्टेशन के पुनर्विकास का काम रिकॉर्ड समय में पूरा किया गया। इस रेलवे स्टेशन पर लिफ्ट, नवनिर्मित स्टेशन भवन, ग्रीन गार्डन के साथ विकसित सकुर्लेटिंग एरिया, एक्स्ट्रा वेटिंग हॉल और रिजर्व लाउंज की सुविधा दी गयी है। साथ ही गोविंदपुर रोड को विकसित प्लेटफॉर्म सतह और प्लेटफॉर्म शेल्टर जैसी आधुनिक सुविधाओं से लैस किया गया है।

## कोडरमा में दर्दनाक सड़क हादसे में दो लोगों की मौत

### एक ही वाहन में सवार थे नौ लोग



**कोडरमा:** जिले के कोडरमा थाना क्षेत्र के लोकाई तालाब के समीप आज सुबह एक ऑटो और पिकअप वैन के बीच जोरदार टक्कर हो गई। इस सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। जबकि सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

घायलों से मिली जानकारी के अनुसार झुमरी तिलैया के नरेश नगर से ऑटो में नौ लोग सवार होकर डोमचांच की ओर जा रहे थे। इसी दौरान लोकाई तालाब के समीप विपरीत दिशा से आ रहे पिकअप वैन से जोरदार टक्कर हो गई। इस घटना में ऑटो चालक समेत नौ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

घटना के बाद कोडरमा थाना के पेट्रोलिंग पुलिस द्वारा घायलों को सदर अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने एक महिला समेत दो लोगों को मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान नरेशनगर निवासी मुकेश कुमार और चंदा देवी के रूप में हुई है। वहीं, बाकी अन्य घायलों का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है।

घायलों ने बताया कि टक्कर इतना जबरदस्त थी कि ऑटो के परखच्चे उड़ गए। वहीं, इस घटना में पिकअप वैन भी सामने से क्षतिग्रस्त हो गया है। फिलहाल दोनों वाहनों को क्रेन की मदद से कोडरमा थाना लाया गया है और पुलिस पिकअप वैन चालक से पूछताछ कर रही है।

## किश्तवाड़ में दो आतंकी ढेर, सुरक्षाबलों ने इलाकों को घेरा

**जम्मू-कश्मीर :** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में गुरुवार सुबह सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई है। खुफिया सूचना के आधार पर शुरू की गई इस संयुक्त कार्रवाई में जम्मू-कश्मीर पुलिस, भारतीय सेना और अर्धसैनिक बल शामिल हैं। इस मुठभेड़ में अब तक दो आतंकियों के मारे जाने की सूचना मिल रही है। शुरूआती जानकारी के अनुसार, जैश-ए-मोहम्मद (खीट) से जुड़े 3 से 4 आतंकी इलाके में छिपे हुए हैं। पुलिस सूत्रों का कहना है कि यह वही आतंकी समूह हो सकता है जो हाल ही में इसी क्षेत्र में हुई मुठभेड़ के दौरान बच निकला था। फिलहाल दोनों ओर से किसी के हताहत होने की खबर नहीं है, लेकिन सुरक्षाबलों ने पूरे इलाके को घेर लिया है और तलाशी अभियान जारी है।

**हालिया ऑपरेशनों का सिलसिला :** इस मुठभेड़ से ठीक एक हफ्ते पहले दक्षिण कश्मीर में सुरक्षा बलों ने एक अभियान में तीन आतंकियों को मार गिराया था। इसके अलावा मई की शुरूआत में भी दो बड़े आतंकवाद विरोधी अभियानों में कुल छह आतंकवादियों को ढेर किया गया था, जिनमें से तीन जैश के सदस्य थे।

**पहलगाम हमले के बाद बढ़ी कार्रवाई :** यह अभियान उस पहलगाम आतंकी हमले के बाद और तेज कर दिया गया है, जिसमें 26 निर्दोष नागरिकों की जान गई थी। इस घटना ने पूरे देश को झकझोर दिया था। इसके बाद भारत ने पाकिस्तान और पीओके में आतंकी ठिकानों पर सर्जिकल स्ट्राइक जैसी कार्रवाई की थी।

## अमेरिका में इजराइली दूतावास में बरसी गोलियां, 2 कर्मचारियों की हत्या

**वाशिंगटन :** अमेरिका में वाशिंगटन स्थित इजराइली दूतावास के दो कर्मचारियों की बुधवार शाम एक यहूदी संग्रहालय में आयोजित कार्यक्रम से बाहर निकलते समय गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने यह जानकारी दी और बताया कि इस घटना के संबंध में एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया गया जिसने ह्यह्यफिलीस्तीन को आजाद करो" के नारे लगाए। इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि वह वाशिंगटन में इजरायली दूतावास के दो कर्मचारियों की भयावह, यहूदी विरोधी शर्मनाक गोलीबारी से स्तब्ध हैं। नेतन्याहू ने कहा कि उन्होंने दुनिया भर में इजरायली मिशनों को सुरक्षा बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। मेट्रोपॉलिटन पुलिस प्रमुख पामेला स्मिथ ने एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि ह्यकैपिटल यहूदी संग्रहालय' में एक कार्यक्रम में शामिल होने के बाद एक पुरुष और एक महिला वहां से बाहर निकल रहे थे तभी 30 वर्षीय संदिग्ध चार लोगों के समूह के पास पहुंचा और उन पर गोलियां चलानी शुरू कर दीं। स्मिथ ने बताया कि संदिग्ध को गोलीबारी से पहले संग्रहालय के बाहर घूमते देखा गया था। उन्होंने बताया कि गोलीबारी के बाद वह संग्रहालय के अंदर गया और वहां मौजूद सुरक्षाकर्मियों ने उसे हिरासत में ले लिया।

## अलग-अलग देशों के दौरे पर भारत का सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल

### जापान और यूएई में खोली पाकिस्तान की पोल



**नई दिल्ली :** जेडी(यू) सांसद संजय कुमार झा के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने आतंकवाद के खिलाफ प्रयासों और ऑपरेशन सिंदूर पर भारत की वैश्विक पहुंच के दौरान टोक्यो में जापानी विदेश मंत्री ताकेशी इवाया से मुलाकात की। जापानी विदेश मंत्री के साथ अपने प्रतिनिधिमंडल की बैठक पर जेडीयू सांसद संजय कुमार झा ने कहा कि हमने भारत का पक्ष मजबूती से रखा। उन्होंने इसकी सराहना की और कहा कि आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने भारत द्वारा दिखाए गए संयम की भी सराहना की।

संजय कुमार झा ने दावा किया कि उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ भारत के रुख का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि आतंकवाद को खत्म किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि विदेश मंत्री डॉ। एस जयशंकर ने उन्हें इस बारे में जानकारी दी है। उन्होंने पहलगाम हमले पर अपनी संवेदना व्यक्त की और कहा कि उन्हें (आतंकवादियों को) दंडित किया जाना चाहिए। वहीं, शिवसेना सांसद श्रीकांत शिंदे के नेतृत्व में सांसदों के सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने अबू धाबी में संयुक्त अरब अमीरात संघीय राष्ट्रीय परिषद के रक्षा मामलों, आंतरिक और विदेशी मामलों की समिति के अध्यक्ष डॉ। अली राशिद अल नूमी से मुलाकात की।

यूएई में भारतीय दूतावास ने बताया कि शिवसेना सांसद श्रीकांत शिंदे के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने यूएई के सहिष्णुता और सह-अस्तित्व मंत्री शेख नाहयान मुबारक अल नाहयान के साथ एक सार्थक बैठक की। सभी रूपों और अभिव्यक्तियों में आतंकवाद से लड़ने के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की। प्रतिनिधिमंडल में बीजेपी सांसद बांसुरी स्वराज, आईयूएमएल सांसद ईटी मोहम्मद बशीर, बीजेपी सांसद अतुल गर्ग, बीजेडी सांसद सस्मित पात्रा, बीजेपी के राज्यसभा सांसद और वरिष्ठ वकील मनन कुमार मिश्रा, बीजेपी नेता एसएस अहलूवालिया और राजदूत सुजान चिनॉय शामिल हैं।




हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

**संदेश**

अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस के अवसर पर मैं झारखण्ड के समस्त लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं। संथाल परगना के घने वन हों या छोटानागपुर की भव्य पहाड़ियां, हमारा राज्य समृद्ध जैव विविधता से परिपूर्ण है।

वर्तमान में समस्त विश्व जलवायु परिवर्तन की समस्या से ग्रस्त है, ऐसे में जैव विविधता का संरक्षण नितांत आवश्यक है। जैव विविधता का संरक्षण न केवल भूमि के क्षरण को रोकने में, बल्कि जल संरक्षण में भी सहायक है। संतुलित जैव विविधता से हमें उत्तम कृषि उपज औषधीय पौधे वन आधारित आजीविका जैसे लाह की खेती, तसर सिल्क की खेती, मुधमक्खी पालन, बांस की खेती के उत्तम परिणाम मिलते हैं।

इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस का विषय **"प्रकृति के साथ सामंजस्य एवं सतत विकास"** है।

आइए, अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस 2025 के अवसर पर हम सभी, जैव विविधता के संरक्षण एवं संवर्धन तथा उनके संतुलित उपयोग के लिए संकल्प लें।

**वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, झारखण्ड सरकार**

PR- 353165 (Forest, Environment and Climate Changes) 25-26

न्यूज ब्रीफ

### सीनेट एवं सिंडिकेट के चार नए सदस्यों को किया नामित

**दुमका :** सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय दुमका में शैक्षणिक एवं प्रशासनिक गतिविधियों को सुदृढ़ करने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए कुलपति प्रो. कुनुल कंदीर के निदेशानुसार विश्वविद्यालय प्रशासन ने कुल चार नए सदस्यों की नियुक्ति सीनेट और सिंडिकेट में की है। इस संबंध में अधिसूचना विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. राजीव कुमार द्वारा जारी की गई है। सीनेट सदस्य के रूप में तीन व्यक्तियों को नामित किया गया है। इनमें एसपी कॉलेज, दुमका के मनोविज्ञान विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. कलानंद ठाकुर, एएन कॉलेज, दुमका के हिंदी विभाग के सहायक प्राध्यापक अनहद लाल और दुमका के समाजसेवी विमल मरांडी शामिल हैं। ये तीनों सदस्य शिक्षा और समाज सेवा के क्षेत्र में अपने योगदान के लिए पहचाने जाते हैं, और इनकी नियुक्ति से विश्वविद्यालय को लाभ मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

वहीं सिंडिकेट सदस्य के रूप में देवघर कॉलेज के गणित विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. सत्यनारायण सिंह को नामित किया गया है। डॉ. सिंह की नियुक्ति तीन वर्षों के लिए की गई है। उनकी नियुक्ति से विश्वविद्यालय की प्रशासनिक नीति-निर्माण प्रक्रिया को मजबूती मिलने की संभावना है।

विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार, इन सभी नियुक्तियों को झारखंड राजभवन से प्राप्त अनुमोदन के आलोक में किया गया है। विश्वविद्यालय की ओर से यह कदम शैक्षणिक और प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता और गुणवत्तापूर्ण संचालन सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास माना जा रहा है। कुलपति प्रो. कुनुल कंदीर ने सभी नव नियुक्त सदस्यों को बधाई देते हुए आशा व्यक्त की है कि वे विश्वविद्यालय की उन्नति में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे और उच्च शिक्षा के स्तर को और बेहतर बनाने की दिशा में कार्य करेंगे।

### एसकेएमयू ने घोषित की चार परीक्षाओं के फॉर्म भरने की तिथि

**दुमका :** सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय दुमका ने मंगलवार को कुल चार परीक्षाओं के लिए ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म भरने की तिथियों की घोषणा कर दी है। इनमें पीजी सेमेस्टर-4, यूजी सेमेस्टर-4, एमबीए तथा एमसीए सेमेस्टर-3 की परीक्षाएं शामिल हैं। विश्वविद्यालय द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, पीजी सेमेस्टर-4 और एनईपी के तहत यूजी सेमेस्टर-4 के लिए बिना विलंब शुल्क के ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म 28 मई से 9 जून तक भरे जा सकेंगे। इसके बाद क्रमशः 200 रुपये और 500 रुपये विलंब शुल्क के साथ 10 से 13 जून और 14 से 16 जून तक फॉर्म भरे जा सकेंगे। इन दोनों परीक्षाओं के लिए भरे गए ऑनलाइन फॉर्म की हार्डकॉपी संबंधित विभाग या महाविद्यालय में 17 और 18 जून तक जमा करनी होगी।

वहीं, एमबीए एवं एमसीए सेमेस्टर-3 परीक्षा के लिए ऑनलाइन फॉर्म 25 मई से 30 मई तक भरे जाएंगे। इन फॉर्मों की हार्डकॉपी संबंधित विभाग में 31 मई तक जमा करनी होगी। कुलपति प्रो. कुनुल कंदीर के निर्देश पर परीक्षा नियंत्रक डॉ. जय कुमार साह ने उक्त परीक्षाओं के लिए अधिसूचना जारी की है। छात्र विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट से अधिसूचना डाउनलोड कर संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### नाबालिग छात्रा से छेड़खानी का मामला प्रकाश में

**सिल्ली :** सिल्ली के एक हाई स्कुल मे फिजिकल एजुकेशन टीचर के द्वारा स्कुल की नाबालिग छात्रा के साथ छेड़खानी करने का मामला प्रकाश में आया है इसको लेकर बताया जाता है की छात्रा के परिजनों ने विधालय में हंगामा भी किया है. शिक्षक बिहार का निवासी बताया है कलंकित घटना के बाद शिक्षक फरार बताया जाता है. इस सबंध में विधालय के प्रधानाध्यापक से पूछे जाने पर बताया छोटी मोटी घटना है परिजनों ने हंगामा किया है परिजनों को कानून को हाथ में नही लेना चाहिए.प्रधानाध्यापक से कलंकित करने वाले शिक्षक का संपर्क नंबर मांगे जाने पर इस गुनाह को मामूली बताते हुए छोड़ देने की बात कहा. कहीं न कहीं गुनाहों पर पर्दा डालने का प्रयास किया जा रहा है।

### पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गाँधी जी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी गई



**मुरी :** सिल्ली प्रखंड कांग्रेस कमिटी द्वारा प्रखंड कांग्रेस कार्यालय सिल्ली में भारत रत्न, भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गाँधी जी की पुण्यतिथि पर कांग्रेस जनों ने राजीव गाँधी जी के तस्वीर पर श्रधा सुमन अर्पित कर श्रधांजलि दी गई। इस मौके पर रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस उपाध्यक्ष नगेन्द्र नाथ गोस्वामी, सिल्ली प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष कार्तिक चन्द्र महतो, लालू कोइरी, पिनाकी बनर्जी, श्रीप्रसाद बड़ाईक, लखिन्द्र बड़ाईक, समसेर आलम, मोहताब अंसारी, मो जाकिर हुसैन, सोशल मिडिया के देवाशिष दत्ता, युवा कांग्रेस सिल्ली प्रखंड अध्यक्ष रोहित मुंडा इत्यादि कांग्रेस जन उपस्थित हुए।

### एक बाइक चालक की घटनास्थल पर हीं मौत, दूसरा गंभीर रूप से घायल

**चतरा :** हजारीबाग मुख्य मार्ग में नावाडीह फिनो बैंक के सामने ट्रेलर और बाइक की टक्कर में बाइक चालक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना बुधवार संध्या लगभग 7:00 बजे की है। वही इस दुर्घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान शहरजाम पंचायत के झारखंडी टोला के 50 वर्षीय उत्तम भुइयाँ के रूप में की गई है। वहीं घायल व्यक्ति की पहचान शहरजाम झूमर टांड़ के 42 वर्षीय पेमन भुइयाँ के रूप में किया गया। घटना के संबंध में प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि वे दोनों लोग एक बाइक पर सवार होकर अपने घर से करनी रोड पेट्रोल पंप पर डीजल लाने जा रहे थे। इसी दौरान उक्त स्थल पर पूर्व से एक ट्रेलर खड़ा था। इसी स्थल पर पीछे से आ रहे एक ट्रेलर ने बाइक सवार को धक्का मार कर भाग गया।इस दुर्घटना में घटनास्थल पर ही उत्तम भुइयाँ की मौत हो गई। वहीं पीछे बैठा पेमन भुइयाँ गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को इटखोरी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जिसका इलाज किया जा रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि उत्तम भुइयाँ बाइक चला रहा था वहीं उसके पीछे पेमन भुइयाँ बैठा हुआ था। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने इटखोरी हजारीबाग मुख मार्ग को जाम कर दिया है।

### घरेलू विवाद समेत कई मामले के निष्पादन को लेकर जोरी थाना में लगा मध्यस्थता शिविर

**चतरा :** हंटरगंज प्रखंड के वशिष्ठ नगर जोरी थाना परिसर में बुधवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव के निर्देश पर वशिष्ठनगर जोरी के अधिकार मित्र संदीप कुमार गुप्ता और सब इंस्पेक्टर प्रमोद प्रसाद की अध्यक्षता में मध्यस्थता शिविर लगाया गया। इस मध्यस्थता शिविर में थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवो से घरेलू विवाद, पैसा लेनदेन, गाली गलौज, पति-पत्नी में झगड़ा का विवाद, परिवारिक मामला को लेकर आए आवेदन को समझा बुझाकर मध्यस्थता कर निष्पादन किया गया।

# पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि: रांची में जगह-जगह हुई श्रद्धांजलि सभा

**संवाददाता**



**रांचीः** पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की आज 34वीं पुण्यतिथि पर झारखंड कांग्रेस मुख्यालय में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई.

पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न राजीव गांधी की 34वीं पुण्यतिथि को शहादत दिवस के रूप में मनाते हुए कांग्रेस के नेता, पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने राजीव गांधी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी. प्रदेश कांग्रेस के नेताओं ने उन्हें देश में हुई सूचना क्रांति का जनक बताया. राजीव गांधी की शहादत दिवस को कांग्रेसजनों के द्वारा उर्जा दिवस के रूप में भी मनाया जाता है.

श्रद्धांजलि सभा के दौरान वक्ताओं ने कहा कि राजीव गांधी झारखंड की जनता को सदैव याद रहेंगे. देश में शांति और एकता को बहाल रखने के लिए अखंड भारत के सपनों को साकार रखने के लिए उनकी शहादत को देश हमेशा याद रखेगा. अलग झारखंड राज्य के बिना यहां रहने वाले आदिवासियों एवं दूसरे समुदाय के लोगों का विकास संभव नहीं है. ऐसा उद्गार राजीव गांधी ने गुमला, सिमडेगा और खूंटी की जनसभाओं में प्रकट किया था।

राजीव गांधी अपने प्रधानमंत्रित्व काल में योजनाओं में झारखंड के हितों को सर्वोपरि रखते थे. पंचायती राज स्थापित करने का उनका सपना आज भी झारखंड में अधूरा है जिसे पूरा करने की जरूरत है. वक्ताओं ने राजीव गांधी को श्रद्धाजंलि अर्पित करते हुए उन्हें महान स्वप्न द्रष्टा बताया और कहा कि भारत को 21 वीं सदी में ले जाने का जो प्रयास राजीव गांधी ने किया उसी का परिणाम है कि आज भारत का नाम दुनिया भर में सूचना और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सम्मान के साथ लिया जाता है.

भारत में कंप्यूटर युग की शुरूआत उन्हीं की देन है. वक्ताओं ने राजीव गांधी की सत्ता विकेन्द्रीकरण को लेकर विचार पर विस्तार से चर्चा की. राजीव गांधी का यह सपना था कि गांवों में बसने वाले भारत का कायाकल्प तभी हो सकता है जब पंचायतों के माध्यम से चुने हुए जनप्रतिनिधियों के हाथों से सत्ता संचालित होगी.

भारत के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या 21 मई 1991 को तमिलनाडु के श्रीपेरंबदूर में एक चुनावी सभा के दौरान एक आत्मघाती हमले में कर दी गयी थी. छळळए की महिला आत्मघाती हमलावर ने घटना को अंजाम दिया था. दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की स्मृति में, आज पूरे देश में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की जा रही है.

स्वर्गीय राजीव गांधी के पुत्र एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर भावुक संदेश साझा करते हुए लिखा है ...श्पापा, आपकी यादें हर कदम पर मेरा मार्गदर्शन करती हैं, मेरा संकल्प है कि आपके अधूरे सपनों को पूरा करूं और मैं उन्हें जरूर पूरा करूंगा।

राजीव गांधी की पुण्यतिथि को भारत में 'राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस' (ठं३ङ्कल्लं' अल्ल३-ळी११ङ्क१२ उं८) के रूप में भी मनाया जाता है. जिससे आतंकवाद के खिलाफ जागरूकता बढ़ाई जा सके और शांति, एकता और अहिंसा के मूल्यों को मजबूत किया जा सके।

**झारखंड कांग्रेस मुख्यालय में ये नेता हुए शामिल :** दिवंगत प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी को श्रद्धांजलि देने वालों में वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर, अनुकुल मिश्रा, राकेश सिन्हा, सतीश पॉल मुंजनी, अमूल्य नीरज खलको, सोनाल शांति, गजेंद्र सिंह, जगदीश साहू, खुर्शीद हसन रूमी, राजन वर्मा सूर्यकांत शुक्ला, अख्तर अली, हुसैन खान, अजय सिंह, जितेंद्र त्रिवेदी,मो सफार, राजू राम, त्रिभूवन, प्रभात कुमार, राजू वर्मा, राखी कौर, चन्द्र रश्मि पिंगुवा, अनवर हुसैन, उषा खलखो, रिया तुलिका आदि शामिल रहे।

विधानसभा की विशेष समिति नाराज

# धनबाद में गलत ढंग से ओबी डंप करने के मामले पर प्रतिवेदन समर्पित करने का निर्देश



**संवाददाता**

**रांचीः** धनबाद जिला के बलियापुर अंचल के सुरूंगा और झरिया के भौरा में इउउछ क्षेत्र 10 और एटी देवप्रभा कंपनी द्वारा जबरन ओबी डंप किए जाने के मामले की जांच शुरू हो गई है. इससे संबंधित मामला इस साल बजट सत्र के दौरान विधायक चंद्रदेव महतो और विधायक अरूप चटर्जी के द्वारा ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की सूचना के जरिए विधानसभा में लाया गया था।

विधानसभा की विशेष **समिति की बैठक में हुई मंत्रणा :** धनबाद जिला के बलियापुर अंचल के सुरूंगा और झरिया के भौरा में इउउछ क्षेत्र 10 और एटी देवप्रभा कंपनी द्वारा जबरन ओबी डंप किए जाने से संबंधित मामले पर सत्र के दौरान गठित प्रश्न और ध्यानाकर्षण से संबंधित विशेष समिति की बैठक आज 21 मई को विधानसभा स्थित समिति कक्ष में हुई. समिति के सदस्यों ने मामले से संबंधित विभिन्न विषयों पर गहन विचार- विमर्श किया।

**अगली बैठक में प्रतिवेदन समर्पित करने का निर्देश :** इस बैठक के बाद विशेष समिति के द्वारा सचिव राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग, सचिव खान एवं भूतत्व विभाग, सचिव वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग को इससे संबंधित प्रारंभिक प्रतिवेदन के साथ समिति की अगली विभागीय बैठक दिनांक 30 मई को उपस्थित होने का निर्देश दिया है. विशेष समिति के संयोजक मथुरा प्रसाद महतो की अगुआई में हुई इस बैठक में समिति सदस्य अरूप चटर्जी, सदस्य राज सिन्हा ,सदस्य उमाकांत रजक और सदस्य चंद्रदेव महतो के साथ-साथ संयुक्त सचिव रंजीत कुमार, उप सचिव अनूप लाल उपस्थित थे।

**क्या है पूरा मामला :** धनबाद के बलियापुर अंचल अंतर्गत सुरंगा मौजा के हाल सर्वे खाता संख्या 386 प्लॉट संख्या 709 रकबा 61.25 एकड़ और प्लॉट संख्या 656 रकबा 4.55 एकड़ अधिसूचित वन भूमि है. इस पर बीसीसीएल लोदना एरिया संख्या 10 में आउटसोर्सिंग कंपनी एटी देवप्रभा ने ओबी डंप कर दिया है. पिछले दिनों यह मामला विधानसभा में आने से पहले स्थानीय स्तर पर हुई जांच के क्रम में प्रकाश में आया.

धनबाद अनुमंडल पदाधिकारी और जिला वन पदाधिकारी के निर्देश पर बलियापुर सीओ एवं वन क्षेत्र पदाधिकारी ने संयुक्त रूप से सुरंगा मौजा में वन भूमि पर हो रहे ओबी डंप की जांच की थी. जांच में यह मामला सामने आया कि बिना सरकार से एनओसी लिए लगभग 66 एकड़ वन भूमि पर ओबी डंप कर एक तरफ जहां जंगल को बर्बाद कर दिया गया,वहीं दूसरी तरफ वन संरक्षण अधिनियम 1980 के प्रावधानों का उल्लंघन किया गया है।

### जिला योजना कार्यकारिणी समिति की बैठक

**चतरा :** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में बुधवार को राज्य योजना अनावद्ध निधि अंतर्गत योजनाओं के चयन हेतु जिला योजना कार्यकारिणी समिति की बैठक की गई।बैठक में विभिन्न विभागो से प्राप्त अनावद्ध निधि से कार्यान्वयन हेतु कुल 123 योजनाओं को रखा गया। चापाकल अधिष्ठापन कार्य, पीसीसी पथ निर्माण, सोलर आधारित स्ट्रीट लाईट का अधिष्ठापन कार्य, पुल, पुलिया, बाउण्ड्रीवाल, शौचालय, सामुदायिक भवन का निर्माण व माननीयों एवं अन्य पदाधिकारियों से प्राप्त हुआ है के संबंध में पारित करने हेतु विचार विमर्श की गई। उपायुक्त द्वारा निदेश दिया गया कि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी न हो। साथ ही वित्तीय वर्ष 2024-25 की योजनाएं जो पूर्ण अभी तक नही किया गया है उसे पूर्ण करने का निदेश सभी संबंधित कार्यकारी एजेंसी को दिया गया।बैठक में उप विकास आयुक्त, सिविल सर्जन, निदेशक, डी०आर०डी०ए०, जिला योजना पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता, लघु सिचाई प्रमण्डल, कार्यपालक अभियता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा, कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

### हंटरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन

**चतरा :** हंटरगंज प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बुधवार को आयुष्मान आरोग्य शिवर का आयोजन किया गया जिसमें मलेरिया, आंख ,बुखार ,शुगर ,बीपी, कुपोषित बच्चों महिला संबंधित बीमारी आदि का जांच किया गया और इनसे संबंधित दवाई दी गई। चिकित्सा पदाधिकारी डॉ वेद प्रकाश के द्वारा बताया गया कि प्रत्येक माह 21 तारीख को स्वास्थ्य केंद्र एवं सभी उप स्वास्थ्य केंद्र में आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन किया जाता है जिससे ग्रामीण क्षेत्र के लोग उप स्वास्थ्य केंद्र में अपने बीमारी से संबंधित जांच करवा सके और फ्री में दवाई ले सके बहुत से लोग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दूर रहने के कारण अपना स्वास्थ्य जांच नहीं करवा पाते हैं और एक बड़े बीमारी के चपेट में आ जाते हैं। इस शिविर के माध्यम से लोग अपना जांच करवा लेते हैं साथ ही आयुष्मान कार्ड से होने वाले लाभ की भी जानकारी उपस्थित मरीजों को दिया गया। शिविर में काफी संख्या में मरीज उपस्थित हुए और अपना जांच करवाया।इस मौके पर चिकित्सक डॉ विभा कुमारी, डॉ के के शाहा,बीपीएम संजय सिन्हा,फार्मासिस्ट विद्यानंद, फार्मासिस्ट शिवेंदु कुमार, राजेश कुमार, नीलम देवी, ममता कुमारी, विवेक कुमार के अलावा कई स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

### खुशबूलता ने द्वारी पंचायत का लिया प्रभार

**गिद्धौर (चतरा) :** प्रखंड के दुवारी पंचायत में स्थाई पंचायत सचिव ने प्रभार लिया।मालूम हो कि दुवारी पंचायत सचिवालय में बुधवार को सम्मान सह विदाई समारोह का आयोजन किया गया।समारोह में प्रमुख अनिता यादव,जीप सदस्य प्रतिनिधि सह समाज सेवी बालेशर यादव एवं पंचायत के मुखिया जगदीश यादव मुख्य रूप से उपस्थित थे।जनप्रतिनिधियों के उपस्थिती में नवनियुक्त पंचायत सचिव खुशबूलता कुमारी दुवारी पंचायत के पंचायत सचिव का पदभार ग्रहण किया।यह प्रभार उज्जवल कुमार सिंह से लिया।जिसके पश्चात उपस्थित लोगों ने पंचायत सचिव खुशबू लता को गुलदस्ते देकर स्वागत किया। वहीं उज्जवल कुमार सिंह को गुलदस्ता एवं अंग वस्त्र देकर सम्मान के साथ विदाई दिया गया। उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने सम्बोधन में नवनियुक्त पंचायत सचिव से पंचायत वासियों व जनप्रतिनिधियों से बेहतर समन्वय स्थापित कर पंचायत का विकास करने की बात कही। मौके पर वार्ड सदस्य के साथ-साथ दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

### जिला स्तरीय स्टीयरिंग सह मॉनिटरिंग कमिटी की बैठक संपन्न

**चतरा :** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में बुधवार को शिक्षा विभागीय जिला स्तरीय स्टीयरिंग सह मॉनिटरिंग कमिटी की बैठक की गई।बैठक में मुख्य रूप से छात्र छात्राओं का औसत नामांकन एवं आच्छादन, स्वास्थ्य जांच, प्रखंड स्तरीय स्टीयरिंग सह मॉनिटरिंग कमिटी की बैठक, स्कूल मंथली डाटा एंट्री, एसएमएस की स्थिति समेत अन्य बिंदुओं की क्रमवार समीक्षा की गई एवं कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।औसत नामांकन एवं आच्छादन को लेकर उन्होंने जिला शिक्षा अधीक्षक रामजी कुमार को विद्यालयों का निरीक्षण करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने निर्देशित करते हुए कहा कि प्रखंड क्षेत्रों में हुए प्रखंड स्तरीय स्टीयरिंग सह मॉनिटरिंग कमिटी के बैठक की प्रोसिडिंग का अवलोकन करें और उन समस्याओं के निराकरण हेतु जिला स्तरीय बैठक में रखें। जिन विद्यालयों द्वारा एसएमएस भेजने के कार्य में लापरवाही बरती गई है। उन विद्यालयों के प्रधानाध्यापक से कारण पूछा गया।बैठक में उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा, अपर समाहर्ता अरविंद कुमार समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

### पिपरवार के कल्याणपुर पंचायत के मंडेर गांव में वज्रपात से तीन मवेशी की हुई मौत

**पिपरवार (चतरा) :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कल्याणपुर पंचायत के मंडेर गांव में बुधवार की दोपहर तेज बारिश के साथ हुई वज्रपात में तीन मवेशी की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक कल्याणपुर पंचायत अंतर्गत मंडेर गाँव में बुधवार क दोपहर दो बजे तेज रफ़्तार हवा और बारिश से बचने के लिए तीन मवेशी बरगद पेड के नीचे चले गए।इसी बीच तेज बारिश के साथ हुई वज्रपात की चपेट में तीनों मवेशी आ गए।इसके बाद मौके पर ही तीनों मवेशीओ की मौत हो गई।भुक्तभोगी पशु मालिक धनेश्वर उराँव पिता सुरेश उरांव,सुनील उराँव पिता भोकरे उराँव और नागेन्द्र उराँव पिता बुधु उराँव तीनो ग्राम मंडेर के निवासी हैं।तीनों भुक्तभोगी खेती-बाड़ी व किसान का काम करते हैं।इस घटना से किसान को करीब 90 हजार रुपए का आर्थिक क्षति का नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा।मवेशी गवाने के बाद किसान को बरसात के दिनो में खेती बारी करने में चिंता सता रहा है।भुक्तभोगी ने बताया कि वह सभी लोग खेती-बारी कर अपने और अपने परिवार का जीविका चलाते हैं।मवेशी की मौत के बाद अब उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।उन्होंने प्रखंड सह अंचल कार्यालय से मुआवजे की गुहार लगाई है।इधर घटना की सूचना पाकर टंडवा प्रमुख रीना कुमारी मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली और भुक्तभोगी किसानों से बात की।तीनो किसान को प्रमुख रीना कुमारी ने अंचल में आवेदन जमा करने को कहा गया है,ताकि आपदा प्रबंध कोष से मुआवजा दिलाया जा सके।टण्डवा प्रमुख रीना कुमारी ने बताया कि पुरी घटना की जानकारी टण्डवा अंचलाधिकारी को दे दी गई है।

### अंचलाधिकारी ने अवैध बालू लदे दो ट्रैक्टर को किया जप्त,मामला दर्ज

**गिद्धौर (चतरा) :** थाना क्षेत्र के मंझगांवा पंचायत अंतर्गत सूयार्टांड़ नदी से अंचल अधिकारी अनंत सयनम विश्वकर्मा व गिद्धौर पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में अवैध बालू लदे दो ट्रैक्टर को जप्त किया गया है। अंचलाधिकारी ने बताया के गुप्त सूचना मिली थी सूयार्टांड़ नदी से अवैध बालू की ढुलाई हो रही है। जिस पर त्वरित कार्यवाही करते हुए घटनास्थल पर पहुंचे तो देखा कि अवैध बालू लेकर दो ट्रैक्टर नदी से निकल रहा है। दोनों ट्रैक्टर को जब्त कर थाना लाया गया है एवं मामला दर्ज कर लिया गया है।उन्होंने बताया के दोनों ट्रैक्टर सिन्दुवारी क्षेत्र का ही है। जांचों उपरांत अग्रसर कार्रवाई किया जाएगा।मालूम हो कि प्रखंड क्षेत्र के दूर-दूर की नदियों से अवैध तरीके से बालू उठाव को लेकर ट्रैक्टर जप्त किया जा रहा है।परंतु प्रखंड मुख्यालय के नजदीकी नदियों से अवैध बालू उठाव का अब तक कोई भी गाड़ी ना जप्त किया गया है। और ना ही प्रशासन के द्वारा कोई कार्रवाई की जा रही है। मौके पर पुलिस अवर निरीक्षक सोनी खालको,राजस्व कर्मचारी पप्पू कुमार यादव सहित पुलिस बल के जवान उपस्थित थे।

# तस्करी के लिए बिहार भेजा जा रहा 264 पीस अवैध अंग्रेजी शराब बरामद

## एक अंतर्राज्यीय तस्कर गिरफ्तार

**संवाददाता**

**चतरा :** एक बड़ी कार्रवाई में हंटरगंज पुलिस ने झारखंड बिहार की सीमा पर बिहार के भोजपुर जिला भेजे जा रहे अवैध अंग्रेजी शराब लदा बोलेरा पिकअप वाहन को बरामद किया है। पुलिस ने अवैध शराब के साथ रामगढ़ जिले के भुरकुंडा इलाके के अंतराज्यीय तस्कर मंजीत कुमार को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पिकअप वाहन संख्या बीआर 03 जीए-9337 में 22 कार्टुन अवैध इम्पिरियल गोल्ड विस्की अंग्रेजी शराब बरामद किया है। प्रत्येक कार्टुन में 750 एमएल का 12-12 प्लास्टिक बोतल में 264 पीस थी।चतरा के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संदीप सुमन ने बताया कि पुलिस कप्तान विकास पांडेय को गुप्त सूचना मिली थी कि चतरा के रास्ते शराब लदा बोलेरो पिकअप वाहन हंटरगंज के रास्ते बिहार की ओर जा रहा है। सूचना के आधार पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी चतरा के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया। टीम ने त्वरित कार्रवाई में बराहगावाँ मोड़ के समीप वाहन चेकिंग लगाया।वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस को उपलब्धि मिली। इस संदर्भ में हंटरगंज थाना कांड सं. 89/25 दिनांक 21.05.25 धारा 281/324(4)274/275 बीएनएस एवं 47 उत्पाद अधिनियम दर्ज किया गया है। छापामारी दल मे अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संदीप सुमन,हंटरगंज थाना प्रभारी प्रभात कुमार समेत अन्य पुलिस कर्मी शामिल थे।

# भाजपा ने चुनाव आयोग से की बोकारो विधायक की सदस्यता रद्द करने की मांग

**संवाददाता**

**रांची :** भाजपा ने बोकारो की विधायक श्वेता सिंह की विधानसभा की सदस्यता रद्द करने की मांग की है। उन पर जान-बूझकर कई तथ्यों को छुपाने का आरोप है। झारखंड भाजपा के प्रदेश महामंत्री सह राज्यसभा सांसद आदित्य साहू की अगुवाई में भाजपा के एक प्रतिनिधिमंडल ने रांची में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (सीईओ) से मिलकर एक ज्ञापन सौंपा है। शिकायत के समर्थन में कई दस्तावेज भी सौंपे हैं। इसके आधार पर श्वेता सिंह के खिलाफ दिए गए सबूतों की उच्चस्तरीय जांच की मांग की गई है। साथ ही अपील की गई है कि केंद्र सरकार को निर्वाचन आयोग पूरी पारदर्शिता से चुनाव कराने का निर्देश देता है, उसके दिशा-निर्देशों और अन्य कानूनों का पालन करते हुए श्वेता सिंह के खिलाफ समुचित कार्यवाही कर उनकी सदस्यता (विधानसभा) समाप्त की जाए।

झारखंड भाजपा ने श्वेता सिंह पर आरोप लगाया है कि उन्होंने गैर-कानूनी काम किए हैं। विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन पत्र भरने के समय सूचना को छुपाया है। बीएसएल के द्वारा श्वेता सिंह को आवंटित क्वार्टर का नो ड्यूज सर्टिफिकेट



संलग्न नहीं करके शपथ पत्र के साथ गलत जानकारी दी है। श्वेता सिंह पर आरोप है कि उनके नाम से 4 मतदाता पहचान पत्र हैं। उनके नाम से 2 पैन कार्ड भी हैं। भाजपा ने कहा है कि ये गंभीर अपराध हैं।

भाजपा ने कहा कि इससे ऐसा प्रतीत होता है कि आधार कार्ड में भी जरूर छेड़छाड़ हुआ होगा। कहीं ऐसा तो नहीं कि आधार कार्ड भी झारखंड, बिहार, उत्तर प्रदेश से बनवाया गया है। ऐसे प्रकरण में श्वेता सिंह के खिलाफ ऑफिस ऑफ प्रॉफिट का मामला बनता है। उपरोक्त अनुच्छेद 191/192 के तहत श्वेता सिंह की सदस्यता (विधानसभा) को तत्काल रद्द किया जा सकता है।

वर्ष 2024 विधानसभा आम चुनाव में जो नामांकन पत्र कांग्रेस विधायक श्वेता सिंह ने दायर किया है, वह 1950 के जनप्रतिनिधित्व अधिनियम का उल्लंघन है। इसके तहत चुनाव आयोग श्वेता सिंह के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी सदस्यता को समाप्त कर सकता है।

**भाजपा के प्रतिनिधिमंडल में ये लोग थे शामिल :** शिकायत की प्रति भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त को भी भेजी गई है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से मुलाकात करने वाले भाजपा प्रतिनिधिमंडल में राज्यसभा सांसद सह प्रदेश महामंत्री आदित्य साहू, भाजपा के पूर्व विधायक बिरंची नारायण, भाजपा के प्रदेश मंत्री सरोज सिंह, भाजपा के विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सुधीर श्रीवास्तव और झारखंड प्रदेश मीडिया सह प्रभारी अशोक बड़ाईक शामिल थे।

## एबीवीपी प्रतिनिधिमंडल कुलपति से मिला

**रांची :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, रांची महानगर का प्रतिनिधिमंडल बुधवार को रांची विश्वविद्यालय व डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) के कुलपति से मिला। छात्र संबंधी विषयों व परिसर में एबीवीपी की आगामी गतिविधियों के संदर्भ में ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे महानगर मंत्री तुषार दुबे ने रांची विवि के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा से इंस्टीट्यूट ऑफ लीगल स्टडीज (आईएलएस) में नए सत्र की नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ करने और सभी कॉलेजों में नई शिक्षा नीति (एनईपी)-2020 पर संगोष्ठी आयोजित करने के मांग की। डीएसपीएमयू के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य से एनईपी के संबध में अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों का असमंजस दूर करने के लिए संगोष्ठी कराने, खिलाड़ियों के लिए खेल के उचित अवसर व सामग्री प्रदान करने आदि विषयों पर चर्चा की।


**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**खुली ई–निविदा शुद्धिपत्र–02 सूचना**

मण्डल रेल प्रबन्धक (बिजली) जयपुर द्वारा, भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए जारी की गई ई–निविदा के लिये शुद्धिपत्र–02 जारी किया गया है। **एनआईटी संख्या:** ईल/जेपी/06 आर तृतीय/2024–25; **कार्य का नाम:** JP Div. - Provision of Grid connected roof top solar Power plant at Residential buildings over JP div. (7287 KWp). **अनुमानित लागत:** 301054097.82/–; **बयाना राशि:** 1655300/–; **निविदा खोलने की तिथि:** 09.06.2025; **(शुद्धिपत्र–02) जारी करने की तिथि:** 20.05.25; **नोट: ई–निविदा की अंतिम तिथि एवं समय:** निविदा खोलने की तिथि को 15:00 बजे तक; **ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय:** निविदा खोलने की तिथि को 15:00 बजे के बाद। **सम्पूर्ण जानकारी के लिए वेबसाइट का पता:** http://www.ireps.gov.in

मण्डल रेल प्रबन्धक (बिजली) जयपुर

589-AN/25




## रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ मलेशिया दौरे पर

रांची : लीमा 2025 के पर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ मलेशिया के रक्षा मंत्री याब दातो सेरी मोहम्मद खालिद बिन नॉर्डिन से मुलाकात की। उन्होंने चल रहे रक्षा सहयोग और हमारे देशों के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी के तहत संबंधों को और बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की। आरआरएम ने आतंकवाद पर भारत की शून्य-सहिष्णुता नीति को दोहराया और मलेशिया का समर्थन मांगा। मलेशिया ने सभी मुद्दों को द्विपक्षीय रूप से हल करने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

वहीं लीमा 2025 में इंडियन नेवी के जहाज कवरत्ती पर मलेशिया के उप रक्षा मंत्री वाईबी अदली बिन जहारी का स्वागत किया। कवरत्ती पीएम नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिहं के नेतृत्व में स्वदेशी निर्माण, कौशल और रक्षा उद्योग की बढ़ती क्षमताओं का प्रतिबिंब है। रक्षा सहयोग को मजबूत करने और दोनों देशों के रक्षा उद्योगों के बीच सहयोग के अवसरों पर और बेहतर कार्य और शोध करने पर सकारात्मक चर्चा हुई।

## उज्ज्वला योजना के लाभुकों का होगा केवाईसी

**रांची :** उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री की अध्यक्षता में उज्ज्वला योजना से जुड़ी जिला स्तरीय बैठक हुई। इस बैठक में तेल कंपनियों के अधिकारी और जिला आपूर्ति पदाधिकारी मौजूद थे।बैठक में यह बात सामने आई कि जिले में कई लोगों ने उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन तो ले लिया है, लेकिन उसके बाद कभी सिलेंडर रिफिल नहीं कराया। ऐसे लाभार्थियों की अब पहचान की जाएगी और उनका केवाईसी कराया जाएगा, ताकि योजना का सही लाभ मिल सके। साथ ही जिन लोगों की सब्सिडी अब तक नहीं मिली है, उन्हें जल्द जारी करने का भी निर्देश दिया गया।

## यूपीएससी परीक्षा 25 को निषेधाज्ञा लागू

**रांची :** संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा 25 मई को आयोजित की गई है। यह परीक्षा रांची जिला के विभिन्न 48 परीक्षा केंद्रों में प्रथम पाली में 09:30 बजे पूर्वाह्न से 11:30 बजे पूर्वाह्न तथा द्वितीय पाली में 02:30 बजे अपराह्न से 04:30 बजे अपराह्न तक निर्धारित है। परीक्षा केंद्रों पर कदाचारमुक्त वातावरण में परीक्षा का आयोजन कराने एवं विधि-व्यवस्था संधारण के लिए उपायुक्त एवं वरीय पुलिस अधीक्षक ने पुलिस बल एवं पुलिस पदाधिकारी के साथ दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। परीक्षा में संलग्न छात्र, उनके अभिभावक अथवा असामाजिक तत्व परीक्षा केन्द्रों पर भीड़ लगाकर विधि व्यवस्था भंग करने की चेष्टा कर सकते हैं। इस आशंका को देखते हुए अनुमंडल दंडाधिकारी ने बीएनएसएस की धारा-163 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए इन परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा जारी की गई है।

## बालिकाओं को मिला कराटे का प्रशिक्षण

**रांची :** कांके स्थित कस्तुरबा गांधी बालिका विद्यालय में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अन्तर्गत बालिकाओं को आत्मरक्षा के लए प्रशिक्षित करने के उद्देश्य से कराटे प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। जिला समाज कल्याण कार्यालय द्वारा आयोजित कराटे प्रशिक्षण सत्र में विद्यालय की 350 बालिकाओं को प्रशिक्षित किया गया। कराटे प्रशिक्षण प्राप्त कर रही बालिकाओं को द्वितीय स्तर का प्रशिक्षणोपरान्त ऑरेन्ज बेल्ट प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान श्रीमती सुरभि सिंह, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, विद्यालय की वार्डेन, शिक्षिकाएं आदि उपस्थित थे।

## दो स्थानों पर लगा स्थाई प्याऊ

**रांची :** अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन (अभामामस)रांची शाखा ने दो स्थानों पर ठंडे पानी की मशीन की व्यवस्था की गई। प्याऊ लगाने का मुख्य उद्देश्य बच्चों को गर्मी में राहत मिल सके एवं उन्हें शुद्ध स्वच्छ एवं ठंडा पानी मिल सके। पहला प्याऊ एलईबीबी हाई स्कूल में लगाया गया जिसका उद्घाटन उषा अग्रवाल ने किया। वहीं दूसरा प्याऊ हिंदपीढ़ी के फर्स्ट स्ट्रीट स्थित राजकीय कृत मध्य विद्यालय में लगाया गया, जिसका उद्घाटन सुनीता सरावगी एवं सुनील सरावगी ने किया। इस अवसर पर स्कूल के बच्चों ने भजन एवं गाना गाकर एवं शाखा अध्यक्ष मधु सर्राफ को और सुनीता सरावगी को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य ने इस नेक कार्य के लिए सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि स्थाई प्याऊ लगने से सभी को शुद्ध जल हमेशा मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि जल ही जीवन है, जल है तो कल है। कार्यक्रम को सफल बनाने में शाखा अध्यक्ष मधु सर्राफ, निवर्तमान राष्ट्रीय सचिव रूपा अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष गीता डालमिया, अंशु नेवटिया, नैना मोर, प्रांतीय उपाध्यक्ष अलका सरावगी, उर्मिला पाड़िया, वीणा मोदी, कुसुम पटवारी, सरिता अग्रवाल, प्रीति अग्रवाल, मंजू तुलस्यान, रीना सुरेखा, नूपुर सरावगी के अलावे अन्य सदस्यों का सहयोग रहा। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी रीना सुरेखा ने दी।

## युवाओं को नशे की गिरफ्त से निकालना है बाहर : राहुल पुरवार

**संवाददाता**

**रांची :** उच्च शिक्षा एवं तकनीकी विभाग के प्रधान सचिव राहुल पुरवार ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सोच है कि झारखंड को नशामुक्त करना है और इस दिशा में तेजी से कार्य प्रारंभ भी कर दिया गया है। इसी के मद्देनजर ये प्रशिक्षण कार्यक्रम किया जा रहा है। विभिन्न विभागों के मास्टर ट्रेनरों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है कि कैसे वे अपने - अपने जिले में जाकर समन्वय स्थापित करते हुए लोगों को जागरूक करेंगे और बताएंगे कि नशा के दुष्प्रभाव क्या-क्या हैं। हमें झारखंड के युवाओं को नशा के गिरफ्त से उन्हें बाहर निकालना होगा। उक्त बातें राहुल पुरवार ने डोरंडा स्थित शौर्य सभागार में चल रहे निषिद्ध मादक पदार्थों के दुरुपयोग को रोकने के लिए मास्टर ट्रेनर के प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे दिन बुधवार को ड्रग एब्यूज अवेयरनेस प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान कहीं। दूसरे दिन उत्तरी छोटानगपुर प्रमंडल के विभिन्न विभागों के मास्टर ट्रेनरों को प्रशिक्षण दिया गया जिसमें पुलिस विभाग के भी अधिकारी



मौजूद रहे।

नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के इंटेलिजेंस ऑफिसर कुमार मनोहर मंजुल ने कहा कि यूथ अफीम , कोकीन , हेरोइन ,गांजा ,कफ सिरप ,व्हाइटनर ,डेंड्राइट आदि अन्य मादक पदार्थों के सेवन से वे अपनी जिंदगी को बर्बाद कर रहे हैं। हमें अपने रोल को समझना होगा। युवाओं में ड्रग्स के सेवन से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में उन्हें जागरूक करना होगा। न्यू ट्रेंड ऑफ ड्रग्स को समझना होगा कि आखिर युवा किन माध्यमों और विभिन्न दवाओं के मिश्रण कर उसे ड्रग्स (नशा) के रूप में उपयोग में लाते हैं और उन्हें उनके इस्तेमाल से होने वाले नुकसान के बारे में बताना होगा।

रिनपास के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ सजल आशीष नाग ने बताया कि कैसे और किन कारणों से युवा ड्रग्स की शुरूआत करते हैं। माहौल और गलत संगत के कारण ड्रग्स के आदी हो जाते हैं। उन्होंने बताया कि नशा लेने के कारण उनके व्यवहार में बदलाव आ जाता है। पढ़ाई में मन नहीं लगता है ,एकांतप्रिय हो जाते हैं। सुसाइडल टेंडेंसी आ जाती है। फ्रेंड्स सर्किल चेंज हो जाते है। उन्होंने नशा से बचने के उपायों के बारे में भी जानकारी दी । उन्होंने कहा कि रिनपास में नशा के आदी लोगों का इलाज कर नशा छुड़ाने में मदद की जाती है । रिनपास में इसका मुफ्त इलाज किया जाता है । यूनिसेफ के मृत्युंजय नायक ने नशे की रोकथाम में संचार और समुदायगत सक्रियता की भूमिका के बारे में प्रेजेंटेशन दिया । उन्होंने कहा कि भारत ने दुनिया को बताया कि कैसे कलेक्टिव सपोर्ट से बेहतर परिणाम निकल कर आ सकता है।

## जनजातीय आचार्य प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन समारोह में बोले राज्यपाल

**रांची :** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा कि भारतीय चिंतन, संस्कृति और जीवन मूल्यों पर आधारित शिक्षा को जनजातीय क्षेत्रों तक पहुंचाने का प्रयास प्रशंसनीय है। उन्होंने कहा कि आपके कार्यों के बारे में पहले भी सुना था और समझता था, लेकिन आज प्रत्यक्ष रूप से देखकर बहुत खुशी हुई। राज्यपाल बुधवार को विद्या विकास समिति की ओर से आयोजित आचार्य प्रशिक्षण केंद्र में जनजातीय आचार्य प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन समारोह में बोल रहे थे। रांची के नगड़ी स्थित कुदलुंग में आयोजित इस कार्यक्रम में राज्य के विभिन्न जिलों से आए 387 आचार्यों की उपस्थिति रही। राज्यपाल ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को शुभकामनाएं दीं और महिला आचायाओं की उपस्थिति को विशेष रूप से सराहते हुए कहा कि जब एक नारी शिक्षित होती है, तो पूरा समाज शिक्षित होता है और यहां का दृश्य जनजातीय समाज में शिक्षा की गहरी जड़ें और महिलाओं की अग्रणी भूमिका का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि विद्या विकास समिति के अंतर्गत झारखंड में 213 औपचारिक विद्यालय और 209 सरस्वती संस्कार केन्द्रों के माध्यम से ग्रामीण और जनजातीय क्षेत्रों में शिक्षा सुलभ कराया जा रहा है।


**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से उप मुख्य यांत्रिक इंजिनियर कैरिज अजमेर द्वारा खुली ई–निविदा सं. कैरिज–11–2025 दिनांक 20.05.2025 को आमंत्रित की जाती है। कोई भी मैन्युअल टेंडर स्वीकार नहीं किया जायेगा और यदि कोई मैन्युअल टेंडर प्राप्त होता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। **1. कार्य का नाम एवं स्थान:** "कैरिज वर्कशॉप अजमेर में पेंट बूथ में आईसीएफ/एलएचबी बीजी कोच के विभिन्न शेड्यूल में पीयू टॉप पेंटिंग (स्कोप ऑफ वर्क अनुसार)"। **2. अनुमानित लागत:** रु. 1,47,44,198.40/–; **3. टेण्डर डॉक्यूमेंट कॉस्ट:** रु. 00.00; **4. बयाना राशि/बिड सिक्यूरिटी की राशि:** रु. 223700.00/–; **5. ई–टेंडर फॉर्म जमा करने का समय व तारीख:** दिनांक 11.06.2025 समय 15.00 बजे तक। **6. वेब साइट का विवरण:** www.ireps.gov.in; **7. पात्रता मानदंड:** लागू। **नोट:** बिड सिक्यूरिटी की राशि ऑनलाइन IREPS की वेबसाइट पर उपलब्ध पेमेंट गेटवे सुविधा द्वारा जमा कराए जा सकते हैं। 586-AN/25

हमें /NWRailways पर फॉलो करें


## राज्य में जल्द खुलेंगे फूड और मेडिसिन टेस्टिंग लैब : डॉ इरफान अंसारी



**रांची :** राज्य सरकार ने झारखंड में नकली दवाइयों के कारोबार पर अब कड़ा एक्शन लिया है। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने स्पष्ट कर दिया है जनता के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा, चाहे वो दवा माफिया हो या भ्रष्ट अधिकारी।

**क्यूआर कोड के बिना नहीं बिकेगी दवा :** डॉ. इरफान अंसारी ने कहा कि अब क्यूआर कोड ही नकली और असली दवा के बीच की दीवार बनेगा।सरकार ने बड़ी पहल करते हुए 300 महत्वपूर्ण दवाओं के लिए क्यूआर कोड अनिवार्य कर दिया है। अब पेनकिलर, बुखार की दवा, प्लेटलेट बढ़ाने वाली दवाएं, शुगर व थायरॉयड की दवाएं, गर्भनिरोधक व विटामिन सप्लीमेंट्स जैसी प्रमुख दवाएं क्यूआर कोड के बिना बाजार में नहीं बिकेंगी। यह कोड हर दवा की असली पहचान, निमार्ता, बैच नंबर, मैन्युफैक्चरिंग व एक्सपायरी तारीख की जानकारी देगा झ जिससे नकली दवा की पहचान तुरंत हो सके।

**बिना रजिस्ट्रेशन की दवा मिली तो दुकान सील :** सभी मेडिकल दुकानों को साफ निर्देश दिया गया है अगर बिना रजिस्ट्रेशन वाली कोई दवा पाई गई, तो दुकान का लाइसेंस तुरंत रद्द होगा।

**कफ सिरप का दुरुपयोग युवा पीढ़ी को कर रहा है नष्ट :** स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने बाजार में बिक रहे कई कफ सिरप में पाया जाने वाला कोडीन और अल्कोहल युवाओं को नशे की लत में धकेल रहा है। यह कफ सिरप दवा के नाम पर जहर बन चुका है, जो ब्रेन और लिवर को गंभीर नुकसान पहुंचा रहा है। मंत्री ने कहा कि कफ सिरप का दुरुपयोग कर युवा पीढ़ी को नष्ट किया जा रहा है, जिसे हर हाल में रोका जाएगा। सभी मेडिकल दुकानों को निर्देश दिया गया है कि बिना वैध डॉक्टर की पर्ची के यह सिरप बेचना अपराध होगा, और दोषियों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**ड्रग इंस्पेक्टर हों सतर्क :** राज्य के सभी ड्रग इंस्पेक्टरों को निर्देशित किया गया है कि वे पूरी ईमानदारी और निष्ठा से जांच करें। नकली दवा बरामद होने पर सीधी कार्रवाई होगी।

# अहिल्याबाई होलकर रानी नहीं बल्कि गरीबों व असहायों की माता थीं : अन्नपूर्णा देवी

**रांची :** रानी अहिल्याबाई होलकर की 300 वीं जयंती भाजपा रांची ग्रामीण जिला द्वारा नगड़ी में आयोजित की गई। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि रानी अहिल्याबाई होलकर रानी नहीं बल्कि गरीबों,असहायों की माता थीं। उन्होंने जीवन पर्यंत एक शासक के रूप में नहीं बल्कि भगवान शिव की प्रतिनिधि के रूप में जनता की सेवा की। वे अपने हस्ताक्षर भी भी भगवान शिव के निदेर्शानुसार लिखती थीं।

कहा कि एक सामान्य परिवार में जन्म लेने वाली रानी अहिल्याबाई होलकर अपनी अद्वितीय प्रतिभा के कारण राज परिवार में ब्याही गईं। अपने जीवन काल में विषम परिस्थितियों का उन्होंने सामना किया और राजकाज भी संभाला।

कहा कि 30 वर्षों के शासन



में उन्होंने अनेक उल्लेखनीय कार्य किए जो स्वर्णाक्षरों में अंकित है। आज की पीढ़ी के लिए प्रेरणा है।

कहा कि उन्होंने नारी सशक्तिकरण के लिए सख्त दहेज विरोधी कानून बनाए,बिना संतान की विधवाओं की संपत्ति राज्य द्वारा जब्त कर लेने की नीति समाप्त की,विधवाओं को गोद लेने की स्वतंत्रता दी,विधवा पुनर्विवाह का नैतिक समर्थन किया,महिलाओं को शिक्षा का अधिकार दिया,महिलाओं बच्चों केलिए विशेष सुरक्षा कानून बनाए,महिलाओं को युद्ध कौशल सिखाया और महिला सैन्य टुकड़ी का गठन किया।

अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि आज भारत को नरेंद्र मोदी के रूप में एक ऐसा नेतृत्व मिला है जो रानी अहिल्याबाई होलकर के पद चिन्हों पर आगे बढ़ते हुए गांव गरीब किसान ,दलित वंचित समाज की सेवा कर रहा साथ ही भारत के सांस्कृतिक वैभव को स्थापित करने केलिए कार्य कर रहा।

कहा कि जनधन खाता हो या उज्जवला योजना के गैस सिलिंडर,किसान सम्मान निधि हो या गरीब कल्याण अन्न योजना। प्रधानमंत्री आवास योजना हो या फिर आयुष्मान योजना सभी गरीबों बीके कल्याण को समर्पित हैं। महिला सशक्तिकरण के लिए भी मोदी सरकार ने अनेक ऐतिहासिक कार्य किए हैं। आज नारी शक्ति राष्ट्र शक्ति बन चुकी है। राम मंदिर का निर्माण हो या बाबा विश्वनाथ ,उज्जैन महाकाल मंदिर कोरिडोर सभी भारत के सांस्कृतिक वैभव को स्थापित करते हैं।

मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष विकास प्रीतम , हटिया विधायक नवीन जायसवाल, प्रदेश मंत्री गणेश मिश्रा, प्रदेश उपाध्यक्ष आरती कुजूर, प्रदेश मंत्री मनोज महतो वाजपेयी, किसान मोर्चा अध्यक्ष पवन साहू,वरिष्ठ भाजपा नेता शशिभूषण भगत, पूर्व विधायक डॉ जीतू चरण राम सहित अन्य मौजूद थे।


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER.**
**MINOR IRRIGATION DIVISION, RANCHI**

**e-Procurement Tender Notice**
**Two Envelope System**
Tender Reference No:- WRD/MID/02 BD(SLI)/2025-26

Letter no- Date-

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work: | Construction of Solar Lift Irrigation Scheme at Kanjiya Block- Mandar, District- Ranchi. |
| 2 | Estimated Cost (Rs.) | Rs. 92,35,900.00 |
| 3 | Cost of tender document (Rs) | Rs. 10,000.00 only (non-refundable). |
| 4 | Earnest Money Deposit (Rs.) | Rs. 92,500.00 only. |
| 5 | Time of Completion | 11 Months |
| 6 | Mode of Submission of tender | Online through www.jharkhandtenders.gov.in (As per SOP Issued by Information Technology & e-Governance Department, Govt of Jharkhand vide letter no- 120 Dated 03.10.2023) |
| 7 | Date of Publication of Tender on website (http://jharkhand tenders.gov.in) | Date: 12.06.2025 Time: 2.00 PM |
| 8 | Last Date/Time for downloading of bidding documents and Submission of Tender on Website | Date: 18.06.2025 Time: 5.00 PM |
| 9 | Submission of Tender Fee and EMD | Start Date:-12.06.2025 Time:- 2.00 PM<br>Last Date:- 18.06.2025 Time:- 5.00 PM |
| 10 | Technical Bid Opening Date | Date: 19.06.2025 Time: 2.00 PM |
| 11 | Officer Inviting Bids | Executive Engineer Minor Irrigation Division, Ranchi |
| 12 | Contact No. of Procurement Officer e-mail of Procurement Officer | 0651-3512781/Email ID- eemidran-cemr-jhr@nic.in |
| 13 | Help line No. of Procurement Cell | 0651-3512781 |

**Note:-**

- BOQ amount may be increase or decrease accordingly earnest money required, Work will be awarded to those bidders {specially MNRE approved channel partners/MNRE approved manufacturers/ MNRE approved PV system integrators/ A registered manufacturers/ Company/ Firm/ Corporation in India (including MSME of Jharkhand) of at least one of the major sub system namely pumps or PV System electronics (confirming to National/ International Standards)/ any other agencies having experience of installation and commissioning of such solar powered irrigation schemes}. Empaneled Indigenous Manufacturers of 10 HP pumps (AC/DC Surface water Pumps) in the department with all accessories for off-grid stand alone SPV water pumping systems can also take part in the bid for executing the whole work of the bid. However those bidders who have not yet registered in Water Resources Department can also submit their bid provided they will have to get themselves registered in Water Resources Department within two months from the date of allotment of work.
- **Only e-Tender will be accepted.**

Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

**Executive Engineer,**
**Minor Irrigation Division, Ranchi**

PR 353104 Irrigation (25-26)_D

## सुविचार

**सच्ची सफलता वही है, जो ईमानदारी और मेहनत से प्राप्त की जाए**

## ताकि भरोसा बना रहे

जस्टिस यशवंत वर्मा केस में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कुछ अहम सवाल उठाए हैं। जांच कमिटी के संवैधानिक आधार और अब तक रिपोर्ट दर्ज नहीं होने को लेकर उनकी चिंताओं पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है क्योंकि मामला न्यायपालिका की विश्वसनीयता और पारदर्शिता से जुड़ा हुआ है। जस्टिस वर्मा के सरकारी आवास से बड़ी मात्रा में कथित तौर पर नकदी मिली थी। सुप्रीम कोर्ट ने घटना की जांच के लिए तीन जजों की आंतरिक कमिटी बनाई, जिसने आरोपों को विश्वसनीय माना है। लेकिन, उपराष्ट्रपति का यह कहना कि कमिटी की कोई संवैधानिक वैधता नहीं है - खुद इस जांच की विश्वसनीयता पर अंगुली उठा देना है। क्या कोई ऐसा तरीका निकाला जा सकता है, जिससे इन-हाउस इन्क्वॉयरी की प्रासंगिकता और संवैधानिक वैधता बनी रहे? उपराष्ट्रपति चाहते हैं कि 1991 के सुप्रीम कोर्ट के वीरास्वामी फैसले पर पुनर्विचार किया जाए। इस फैसले के मुताबिक ही सिटिंग जज के खिलाफ एफआइआर के लिए सीजेआई की मंजूरी चाहिए होती है। यह व्यवस्था इसलिए है ताकि न्यायपालिका बिना किसी डर, दबाव या लालच के अपना कर्तव्य निभा सके। सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट के सिटिंग जज को बर्खास्त या सस्पेंड करने का अधिकार भी सुप्रीम कोर्ट कलीजियम के पास नहीं है। कलीजियम काम वापस ले सकता है, ट्रांसफर की सिफारिश कर सकता है और जांच समिति बना सकता है। इस केस में जस्टिस वर्मा का ट्रांसफर किया गया और कमिटी की रिपोर्ट सरकार व राष्ट्रपति के पास भेजकर महाभियोग की सिफारिश कर दी गई है। यहां से अब गेंद सरकार और संसद के पाले में है। महाभियोग ही एकमात्र तरीका है, जिससे सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट के मौजूदा जजों को हटाया जा सकता है। लेकिन, आजाद भारत के इतिहास में आज तक ऐसा नहीं हुआ। इसके पहले, भ्रष्टाचार के आरोपों का सामना कर रहे कलकत्ता हाई कोर्ट के न्यायाधीश सौमित्र सेन के खिलाफ महाभियोग चला था, लेकिन लोकसभा में वोटिंग से पहले ही उन्होंने इस्तीफा दे दिया यानी वहां भी प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाई थी। भारतीय न्यायपालिका के इतिहास में जस्टिस वर्मा केस एक दुर्लभ मौका है। इसकी वजह से न्यायपालिका की गरिमा को ठेस न पहुंचे और जनता का भरोसा बना रहे, इसके लिए पूर्व सीजेआई संजीव खन्ना ने मामले से जुड़ी जानकारियों को देश से साझा किया। साथ ही, उनकी पहल पर सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों ने अपनी संपत्ति का ब्यौरा भी सार्वजनिक किया। अब अगर यह मामला महाभियोग तक पहुंचता है, तो वहां भी एक लंबी प्रक्रिया चलेगी। विचार करने वाली बात यह है कि क्या न्यायपालिका की स्वतंत्रता को अक्षुण्ण रखते हुए प्रक्रिया की जटिलता को कम किया जा सकता है?

## बेनकाब होगा पाक

ऑपरेशन सिंदूर के जरिये पाकिस्तान में मौजूद आतंकी ढांचों को नष्ट करने के बाद अब समय है इस्लामाबाद की हकीकत और भारत के बदले रुख से दुनिया को वाकिफ कराने का। पाकिस्तान तब तक अपनी हरकतों से बाज नहीं आएगा, जब तक उसे कुछ देशों का समर्थन मिलता रहेगा। इस समर्थन को कूटनीति के जरिये ही खत्म किया जा सकता है। बदली रणनीतिः पहलगाम में हुए आतंकी हमले ने देश को आतंकवाद के खिलाफ अपनी रणनीति बदलने पर मजबूर किया है। अभी तक पाकिस्तान अपनी करतूतों को परमाणु बम की ओट में छिपाता रहा था, लेकिन नई दिल्ली ने साफ चेतावनी दे दी है कि यह धमकी अब नहीं चलेगी। अगर पाकिस्तानी सेना ने आतंकियों की आड़ में भारत में अस्थिरता फैलाने की कोशिश की, तो उसे मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। ऑपरेशन सिंदूर आतंक के खिलाफ लड़ाई में भारत का न्यू नॉर्मल है और दुनिया को पता होना चाहिए कि पाकिस्तान की टेरर पॉलिसी के चलते यह नौबत आई है। अपने यहां मौजूद आतंकी ढांचों पर एक्शन तो दूर, पाकिस्तान ने उन्हें हमेशा बचाने की कोशिश की। ये अड्डे हिंदुस्तान और बाकी दुनिया के लिए भी बड़ा खतरा बने हुए थे। पाकिस्तान ने संघर्ष को भड़काने के लिए खूब झूठ फैलाया। उसका यह चेहरा बेनकाब करने की जरूरत है कि भारत से टक्कर की चाहत में वह अपने नागरिकों को भी ढाल बना लेता है, और नई दिल्ली की लड़ाई आम लोगों से नहीं बल्कि आतंकियों और उनके आकाओं से है। हिंदुस्तान ने सिंधु जल संधि को इसलिए निलंबित किया, क्योंकि एक तो इस ट्रीटी में भारतीय हितों का ख्याल नहीं रखा गया था और दूसरे, पाकिस्तान ने कभी पड़ोसी धर्म नहीं निभाया। पाकिस्तान को पानी पर सहानुभूति बटोरने का मौका नहीं मिलना चाहिए। पाकिस्तान बार-बार दुस्साहस इसलिए कर पाता है, क्योंकि उसे चीन और तुर्किये जैसे देशों से मदद मिल जाती है। इस बार भी इन दोनों मुल्कों ने अपने निहित स्वार्थ के चलते पाकिस्तान को सपोर्ट किया। भारत की कूटनीतिक पहल से दोनों देशों पर दबाव पड़ेगा और दूसरे देश भी पड़ोसी मुल्क की सच्चाई से वाकिफ होंगे। सरकार ने सातों डेलिगेशन में सभी दलों के प्रतिनिधियों को शामिल किया है। यह दिखाता है कि राजनीतिक मतभेदों को भुलाकर राष्ट्रीय हित के मसले पर पूरा देश एक है - आतंकवाद से लड़ाई में सरकार को सभी का समर्थन हासिल है। भारत की एकजुटता संदेश है और चेतावनी भी कि पाकिस्तान से सीमापार आतंक का सच हम सभी देशों के सामने लाने को प्रतिबद्ध हैं।

# नहीं चेते तो बढ़ेगा संकट

> दुनियाभर में हजारों वन्य प्रजातियां या तो पूरी तरह विलुप्त हो चुकी हैं या विलुप्त होने के कगार पर हैं। वनस्पतियों की स्थिति भी कुछ अलग नहीं है। जब किसी पारिस्थितिकी तंत्र से एक भी प्रजाति लुप्त होती है तो उससे जुड़ी कई अन्य प्रजातियों की कड़ी भी प्रभावित होती है, जिससे पूरी जैव श्रृंखला खतरे में पड़ जाती है। इस जैव विविधता की क्षति का असर सीधे-सीधे मानव जीवन पर भी पड़ रहा है।

### (अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस पर विशेष)

**अतुल गोयल**

मनुष्य की ही भांति जीव-जंतु और पेड़-पौधे भी इस धरती के अभिन्न अंग हैं। विडंबना यह है कि मनुष्य ने अपने स्वार्थों और तथाकथित विकास की दौड़ में इनके अस्तित्व पर ही संकट खड़ा कर दिया है। जंगलों की अंधाधुंध कटाई, शहरीकरण, औद्योगीकरण और अनियंत्रित मानवीय गतिविधियों के चलते वन्यजीवों के प्राकृतिक आवास उजड़ चुके हैं और वनस्पतियों की कई प्रजातियां लगभग समाप्ति की कगार पर हैं। पारिस्थितिकी तंत्र, जिसमें सभी जैविक और अजैविक तत्व एक-दूसरे पर निर्भर होते हैं, अब असंतुलित होता जा रहा है। यह असंतुलन न केवल जीव-जंतुओं के जीवन चक्र को प्रभावित कर रहा है बल्कि मनुष्य के अस्तित्व के लिए भी गंभीर खतरा बन चुका है।

दुनियाभर में हजारों वन्य प्रजातियां या तो पूरी तरह विलुप्त हो चुकी हैं या विलुप्त होने के कगार पर हैं। वनस्पतियों की स्थिति भी कुछ अलग नहीं है। जब किसी पारिस्थितिकी तंत्र से एक भी प्रजाति लुप्त होती है तो उससे जुड़ी कई अन्य प्रजातियों की कड़ी भी प्रभावित होती है, जिससे पूरी जैव श्रृंखला खतरे में पड़ जाती है। इस जैव विविधता की क्षति का असर सीधे-सीधे मानव जीवन पर भी पड़ रहा है, जिसे अब नजरअंदाज करना आत्मघाती सिद्ध हो सकता है। वन्य जीव-जंतु और उनकी विविधता धरती पर अरबों वर्षों से हो रहे जीवन के सतत विकास की प्रक्रिया का आधार रहे हैं।



वन्य जीवन में ऐसी वनस्पति और जीव-जंतु सम्मिलित होते हैं, जिनका पालन-पोषण मनुष्यों द्वारा नहीं किया जाता। आज मानवीय क्रियाकलापों तथा अतिक्रमण के अलावा प्रदूषण वातावरण और प्रकृति के बदलते मिजाज के कारण भी दुनियाभर में जीव-जंतुओं तथा वनस्पतियों की अनेक प्रजातियों के अस्तित्व पर दुनियाभर में संकट के बादल मंडरा रहे हैं। दरअसल विभिन्न वनस्पतियों और जीव-जंतुओं की संख्या में कमी आने से समग्र पर्यावरण जिस प्रकार असंतुलित हो रहा है, वह पूरी दुनिया के लिए चिंता का विषय बना है। पर्यावरण के इसी असंतुलन का परिणाम पूरी दुनिया पिछले कुछ दशकों से गंभीर पर्यावरणीय समस्याओं और प्राकृतिक आपदाओं के रूप में देख और भुगत भी रही है।

लगभग हर देश में कुछ ऐसे जीव-जंतु और पेड़-पौधे पाए जाते हैं, जो उस देश की जलवायु की विशेष पहचान होते हैं लेकिन जंगलों की अंधाधुंध कटाई तथा अन्य मानवीय गतिविधियों के चलते जीव-जंतुओं के आशियाने लगातार बड़े पैमाने पर उजड़ रहे हैं, वहीं वनस्पतियों की कई प्रजातियों का भी अस्तित्व मिट रहा है। हालांकि जीव-जंतुओं तथा पेड़-पौधों की विविधता से ही पृथ्वी का प्राकृतिक सौन्दर्य है, इसलिए भी लुप्तप्रायः पौधों और जीव-जंतुओं की अनेक प्रजातियों की उनके प्राकृतिक निवास स्थान के साथ रक्षा करना पर्यावरण संतुलन के लिए भी बेहद जरूरी है। इसीलिए पृथ्वी पर मौजूद जीव-जंतुओं तथा पेड़-पौधों के बीच संतुलन बनाए रखने के लिए तथा जैव विविधता के मुद्दों के बारे में लोगों में जागरुकता और समझ बढ़ाने के लिए प्रतिवर्ष 22 मई को अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस मनाया जाता है।

20 दिसंबर, 2000 को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने प्रस्ताव पास कर इस दिवस को मान्यता प्रदान की। इस प्रस्ताव पर 193 देशों द्वारा हस्ताक्षर किए गए।22 मई, 1992 को नैरोबी एक्ट में जैव विविधता पर अभिसमय के पाठ को स्वीकार किया गया, इसीलिए यह दिवस मनाने के लिए 22 मई का दिन ही निर्धारित किया गया। अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस इस वर्ष प्रकृति के साथ सामंजस्य और सतत विकास विषय के साथ मनाया जा रहा है।

पेड़-पौधों की संख्या पृथ्वी पर जिस तेज गति के साथ घट रही है, उसने न केवल पर्यावरण का संतुलन बिगाड़ रहा है बल्कि अनेक जीव-जंतुओं और पक्षियों को उनके प्राकृतिक घरों से भी वंचित होना पड़ रहा है।

परिणामस्वरूप अनेक प्रजातियां विलुप्त होने के कगार पर पहुंच चुकी हैं। पर्यावरण विशेषज्ञों की स्पष्ट चेतावनी है कि यदि अब भी इस संकट की अनदेखी की गई तो निकट भविष्य में ऐसी भयावह स्थिति उत्पन्न होगी कि न केवल पेड़-पौधों की दुर्लभ प्रजातियां समाप्त हो जाएंगी बल्कि अनेक पशु-पक्षी भी धरती से सदा के लिए मिट जाएंगे। माना कि विकास आवश्यक है लेकिन वह ऐसा हो, जो प्रकृति के साथ सामंजस्य बनाए रखे। खेतों में कीटों को नियंत्रित करने वाले चिड़िया, तीतर, कौआ, गिद्ध, मोर जैसे पक्षी भी आज विलुप्ति के कगार पर हैं। ये पक्षी न केवल किसानों के मित्र माने जाते रहे हैं बल्कि जैव विविधता की श्रृंखला में एक महत्वपूर्ण कड़ी हैं। धरती पर जीवन को सुचारु और संतुलित बनाए रखने में जैव विविधता की बहुत अहम भूमिका है, इसलिए यदि हम आज ही सजग नहीं हुए और इन दुर्लभ प्रजातियों तथा उनके प्राकृतिक निवास की रक्षा नहीं की तो आने वाले समय में न केवल पर्यावरणीय संकट और तेजी से गहराएगा बल्कि मानव जीवन भी संकट में पड़ जाएगा।

**(लेखक, न्यूयॉर्क की कंपनी में सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट इंजीनियर हैं।)**

# शस्त्र और शास्त्र, दोनों धरातलों पर ध्वस्त पाकिस्तान

> लेकिन पिछले महीने 17 अप्रैल को पाकिस्तानी सेनाध्यक्ष जनरल सैयद असीम मुनीर ने सैयद अहमद खान के उस विषाक्त द्वि-राष्ट्र सिद्धांत को एक बार फिर दोहराया। उन्होंने कहा कि 'इसके पीछे मूल विचार यह है कि मुस्लिम और हिन्दू दो अलग-अलग राष्ट्र हैं।' मुनीर ने ऐबटाबाद के काकुल में पाक सैन्य अकादमी में पासिंग आउट परेड को सम्बोधित करते हुए कहा, 'द्वि-राष्ट्र सिद्धांत इस मौलिक विश्वास पर आधारित है कि मुसलमान और हिन्दू एक नहीं, बल्कि दो अलग-अलग राष्ट्र हैं। मुसलमान जीवन के सभी पहलुओं जैसे धर्म, रीति-रिवाज, परम्परा, सोच और आकांक्षाओं में हिन्दुओं से अलग हैं।'

**राकेश सैन**

जैसा कि 'बाजीराव मस्तानी' फिल्म में सभी ने देखा कि पेशवाई के लिए साक्षात्कार के समय बाजीराव ने अपने तीर से मोरपंख का आकार कम कर अपनी 'शस्त्र और शास्त्र' के ज्ञान में पारंगता का प्रमाण दिया। उनका संदेश था कि मोर का पंख मुगल साम्राज्य है, इसकी जड़ पर प्रहार करो व अपने आप नष्ट हो जाएगा। अभी पाकिस्तान के साथ हुए टकराव के समय भी भारत ने 'शस्त्र और शास्त्र' दोनों धरातलों पर अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की। शस्त्र के धरातल पर तो सभी जानते हैं कि कैसे भारत ने पाकिस्तान में स्थित आतंकी अड्डों को ध्वस्त किया, वहां की वायु रक्षा कवच को तहस नहस करते हुए अपनी अचूक नभ सुरक्षा व्यवस्था का परिचय दिया लेकिन इसके साथ-साथ हमने पाकिस्तानी सेना अध्यक्ष जनरल मुनीर द्वारा अलापे गए धर्म के नाम पर दो राष्ट्र के सिद्धांत को भी धाराशाही कर दिया।

सन 1817 में पैदा हुए मुस्लिम विद्वान सर सैयद अहमद खान ने अंग्रेज सरकार के सामने यह सिद्धांत दिया था कि मुसलमान एक अलग राष्ट्र हैं। उनका यही विचार आगे चल कर दो राष्ट्र सिद्धांत बना जिससे 1947 में धर्म के नाम पर देश का विभाजन हुआ। कट्टरपंथ, जनूनी हिंसा और हमारे नेतृत्व की कमजोरी के चलते चाहे भारत ने धर्म के नाम पर हुए इस बंटवारा स्वीकार कर लिया परन्तु वैचारिक धरातल पर यह कभी नहीं माना कि पूजा पद्धति अलग होने से किसी की राष्ट्रीयता अलग हो जाती है। भारत की युगों से अवधारणा रही है 'एकम्सद् विप्रा बहुधा वदन्ति' अर्थात ईश्वर एक है, पर विद्वान उसे अलग-अलग नामों से पुकारते हैं। इसी विश्वास के कारण ही हम 1947 में हुए विभाजन को अप्राकृतिक व ईश्वर की इच्छा के विपरीत मानते हुए पुनः अखण्ड भारत की बात करते हैं।



लेकिन पिछले महीने 17 अप्रैल को पाकिस्तानी सेनाध्यक्ष जनरल सैयद असीम मुनीर ने सैयद अहमद खान के उस विषाक्त द्वि-राष्ट्र सिद्धांत को एक बार फिर दोहराया। उन्होंने कहा कि 'इसके पीछे मूल विचार यह है कि मुस्लिम और हिन्दू दो अलग-अलग राष्ट्र हैं।' मुनीर ने ऐबटाबाद के काकुल में पाक सैन्य अकादमी में पासिंग आउट परेड को सम्बोधित करते हुए कहा, 'द्वि-राष्ट्र सिद्धांत इस मौलिक विश्वास पर आधारित है कि मुसलमान और हिन्दू एक नहीं, बल्कि दो अलग-अलग राष्ट्र हैं। मुसलमान जीवन के सभी पहलुओं जैसे धर्म, रीति-रिवाज, परम्परा, सोच और आकांक्षाओं में हिन्दुओं से अलग हैं।' जनरल मुनीर सम्बोधित चाहे पाकिस्तानी रंगरूटों को कर रहे थे परन्तु उनकी चिट्ठी का पता भारतीय मुसलमान थे। याद करें कि यह लगभग वही समय था जब भारत में कुछ छद्मधर्मनिरपेक्ष दलों की तुष्टिकरण की नीति के चलते वक्फ बोर्ड अधिनियम में संसद द्वारा किए गए संशोधन के कारण यहां मुस्लिम भावनाएं भडकी हुई थीं। इस दौरान बंगाल में साम्प्रदायिक दंगे भी हुए जिसमें कई निर्दोष हिन्दुओं ने जानें भी गंवाई और अपमान भी झेले। जनरल मुनीर ने ऐसे संवेदनशील मौके पर आंच में भूसा झोंकने का काम करते हुए भारत के मुसलमानों में फिर से द्वि-राष्ट्र सिद्धांत स्थापित करने का कुत्सित प्रयास किया। यह वैचारिक विमर्श स्थापित करने का प्रयास किया कि हिन्दुओं के चलते भारत के मुसलमान चैन से नहीं रह सकते। साम्प्रदायिक हिंसा भडकाने के लिए उसने 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगांव पर आतंकी हमला करवाया जिसमें हिन्दुओं को छांट-छांट, उनका खतना जांच कर मौत के घाट उतारा गया। कहने का भाव कि पाकिस्तान ने आतंकी हमले के रूप में 'शस्त्र' और द्विराष्ट्र सिद्धांत के रूप में 'शास्त्र' दोनों धरातल पर हमले किये। लेकिन भारत ने 'शठे शाठ्यम समाचरेत' अर्थात जैसे को तैसा नीति पर चलते हुए दोनों हमलों की धार को पूरी तरह कुन्द कर दिया। भारत ने दुश्मन पर शस्त्र से आघात तो किया ही साथ में आपरेशन सिंदूर की जानकारी देने के लिए जिन दो महिला सैन्य अधिकारियों विंग कमाण्डर व्योमिका सिंह व कर्नल सोफिया कुरैशी को जिम्मेवारी सौंपी गई वो भारतीय सांस्कृतिक एकता की परिचायक बनीं। केवल इतना ही नहीं, आपरेशन सिंदूर की सफलता का दुनिया को संदेश देने के लिए जिस प्रतिनिधिमण्डलों का चयन किया गया है उसमें बहुदलीय व बहु-उपासना पद्धति से जुड़े नेता शामिल किए गए हैं। आपरेशन के दौरान पाकिस्तान के सामने पूरा देश एक साथ मुट्ठी तान कर खड़ा हो गया। वैसे जनरल मुनीर की द्वि-राष्ट्र के विषाक्त सिद्धांत वाली वैचारिक जुगाली उस समय भी स्वतः ही खारिज हो जाती है जब मुसलमान होते हुए भी तालिबान पाकिस्तान को अपना दुश्मन घोषित कर देता है और बलोचिस्तान मुक्ति सेना हमधर्मी पाक सेना के खून से होली खेलती है। मुसलमान मजहब के नाम पर एक राष्ट्र होते तो पाकिस्तान से बंगलादेश अलग क्यों होता? इरान-इराक में युद्ध क्यों होते? 51 देशों में विभक्त इस्लामिक जगत अभी तक धर्म के नाम पर एक राष्ट्र क्यों नहीं बन पाया? इसी द्वि-राष्ट्र के सिद्धांत के ताबूत पर अब भारत के आपरेशन सिन्दूर ने एक और मजबूत कील ठोक दी है।

भारतीय समाज की एकता समझाने के लिए पाकिस्तानी जनरल मुनीर को एक कथा सुनाना चाहूंगा। गंधर्वों द्वारा दुर्योधन को बंदी बनाए जाने पर अपनी पारिवारिक कटुता भुला कर युधिष्ठिर ने भीम को आदेश दिया कि वह जाए और युवराज दुर्योधन को गंधर्वों से मुक्त करवाए। भीम द्वारा प्रश्न किए जाने पर युधिष्ठिर कहते हैं कि हमारे परिवार में चाहे सौ मतभेद हों परन्तु दुनिया के लिए हम भरतवंशी 'सौ और पांच' नहीं 'एक सौ पांच' हैं। इसी तरह लोकतांत्रिक व्यवस्था के चलते भारतीयों में सौ मतभेद हो सकते हैं परन्तु दुश्मन के लिए हम भी वही हैं 'वयं पंचाधिकम शतम।

**(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)**

# 4 शुभ योग में 23 मई को रखा जाएगा अपरा एकादशी व्रत

ज्येष्ठ माह के कृष्ण पक्ष की एकादशी को अपरा एकादशी कहा जाता है। इस साल अपरा एकादशी 23 मई को है। इसे अचला एकादशी के नाम से भी जाना जाता है। अपरा एकादशी व्रत धार्मिक दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण व्रत है। ये व्रत भगवान विष्णु को समर्पित माना जाता है। इस दिन व्रत रखा जाता है और विधि-विधान से श्री हरि विष्णु और मां लक्ष्मी की पूजा की जाती है। पाल बालाजी ज्योतिष संस्थान जयपुर जोधपुर के निदेशक ज्योतिषाचार्य डा. अनीष व्यास ने बताया कि ज्येष्ठ माह के कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि 23 मई को रात 01:12 बजे प्रारंभ होगी और इसी दिन रात 10:29 बजे समाप्त हो जाएगी। सनातन धर्म में उदया तिथि को प्राथमिकता दी जाती है, अतः अपरा एकादशी व्रत 23 मई को रखा जाएगा।23 मई को अपरा एकादशी के दिन 4 शुभ संयोग बन रहे हैं। उस दिन प्रीति योग, आयुष्मान योग, सर्वार्थ सिद्धि योग और अमृत सिद्धि योग बन रहे हैं। मान्यता है कि अपरा एकादशी व्रत से सभी प्रकार के कष्टों से मुक्ति मिलती है और स्वर्ग लोक की प्राप्ति होती है। इस व्रत को करने वाले लोगों की सभी मनोकामनाएं जल्द पूर्ण होती हैं। साथ ही सुख और समृद्धि की प्राप्ति होती है। वैसे तो प्रत्येक एकादशी का अपना महत्व होता है लेकिन अपरा एकादशी विशेष रूप से शुभ और लाभकारी मानी जाती है। हिंदू पंचांग के अनुसार ज्येष्ठ माह की कृष्ण पक्ष पर पड़ने वाली एकादशी तिथि को अपरा एकादशी कहा जाता है।

ज्योतिषाचार्य डा. अनीष व्यास ने बताया कि भगवान विष्णु की विशेष आराधना के लिए समर्पित अपरा एकादशी का बहुत अधिक धार्मिक महत्व है। इस दिन भगवान विष्णु की आराधना करने से वे जल्दी प्रसन्न होते हैं। माना जाता है कि जो भी यह व्रत रखता है उसको जीवन में अपार तरक्की मिलती है साथ ही मोक्ष की भी प्राप्ति होती है। हिंदी में 'अपार' शब्द का अर्थ 'असीमित' है, क्योंकि इस व्रत को करने से व्यक्ति को असीमित धन की भी प्राप्ति होती है, इस कारण से ही इस एकादशी को 'अपरा एकादशी' कहा जाता है। इस एकादशी का एक और अर्थ यह है कि यह अपने उपासक को असीमित लाभ देती है। अपरा एकादशी का महत्व 'ब्रह्म पुराण' में बताया गया है। अपरा एकादशी पूरे देश में पूरी प्रतिबद्धता के साथ मनाई जाती है। इसे भारत के विभिन्न क्षेत्रों में अलग-अलग नामों से जाना जाता है। पंजाब, जम्मू और कश्मीर और हरियाणा राज्य में, अपरा एकादशी को 'भद्रकाली एकादशी' के रूप में मनाया जाता है और इस दिन देवी भद्रा काली की पूजा करना शुभ माना जाता है। उड़ीसा में इसे 'जलक्रीड़ा एकादशी' के रूप में जाना जाता है और भगवान जगन्नाथ के सम्मान में मनाया जाता है।

## सेहत

### डाइजेशन में सुधार करने के लिए रखें हेल्थ का ख्याल

जब भी हम बैक्टीरिया का नाम सुनते हैं, तो बीमारी, इंफेक्शन या फिर किसी खतरे की घंटी के बारे में सोचने लगते हैं। लेकिन ऐसा नहीं है। हालांकि सारे बैक्टीरिया खराब नहीं होते हैं। बैक्टीरिया सूक्ष्म और एककोशिकीय जीव होते हैं। यह लाखों अलग-अलग प्रकार के होते हैं। इनमें से कई बैक्टीरिया हमारे शरीर के अंदर और ऊपर पाए जाते हैं, जोकि हमारे लिए जरूरी होते हैं। हमारी त्वचा, डाइजेस्टिव सिस्टम, मुंह, यूरिनरी ट्रैक्ट और रिप्रोडक्टिव सिस्टम में कई बैक्टीरिया पाए जाते हैं।यह बैक्टीरिया माइक्रोबायोम का निर्माण करते हैं। यह शरीर के हेल्दी रखने में सहायता करते हैं। वहीं अन्य बैक्टीरिया आपको बीमार कर सकते हैं। बता दें कि हमारा गट माइक्रोबायोम सूक्ष्मजीवों मुख्य रूप से बैक्टीरिया का संग्रह है। जोकि हमारे डाइजेस्टिव सिस्टम में रहते हैं। वहीं हमारे गट में कई हेल्दी बैक्टीरिया पाए जाते हैं, जो हानिकारक बैक्टीरिया को दूर रखने में सहायता करता है। हमारे पेट में जो बैक्टीरिया होते हैं, उनको हमारे जरिए खाना-पानी मिलता है। लेकिन जब गुड बैक्टीरिया घट जाता है और बैड बैक्टीरिया बढ़ जाते हैं, तो इससे हमारे स्वास्थ्य और डाइजेशन पर असर पड़ने लगता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि कुछ टिप्स के बारे में बताने जा रहे हैं। जो गट में बैक्टीरिया का बैलेंस बनाने और डाइजेशन को मजबूत करने में मदद करता है। हेल्थ एक्सपट की मानें, तो गट में गुड बैक्टीरिया मौजूद होती हैं। जोकि फूड को ब्रेकडाउन करने, बीमारियों से बचाव करने और विटामिन्स को ऑब्जर्व करने में मदद करते हैं। वहीं बैड बैक्टीरिया इंफ्लेमेशन, इंफेक्शन और गट लाइनिंग में डैमेज की वजन बन सकते हैं। जिसके वजह से कब्ज, डायरिया, ब्लोटिंग, मोटापा, कमजोरी, डायबिटीज और इर्रिटेबल बाउल सिंड्रोम जैसी समस्याएं हो सकती हैं।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची, (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

# आंगनबाड़ी केंद्र में खराब भोजन खाने से बच्चे हुए बीमार, बीडीओ ने लिया संज्ञान

मेट्रो रेज

**कोडरमा:** जिले के सदर प्रखंड अंतर्गत करमा पंचायत के आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 226 में खराब भोजन खाने से कई बच्चे बीमार हो गए हैं. मंगलवार को जब बच्चे आंगनबाड़ी केंद्र से वापस अपने घर पहुंचे तो देर शाम वे बीमार पड़ने लगे. कुछ के पेट में दर्द होने लगा तो कुछ को उल्टी होने लगी. जिसके बाद बच्चों के परिजन अगले दिन यानि बुधवार को आंगनबाड़ी केंद्र पहुंचे.

बुधवार को आंगनबाड़ी में बच्चों के परिजनों ने पाया कि वहां दो दिन पूर्व बनी हुई खिचड़ी और लगभग 1 महीने पहले का लाया हुआ अंडा रखा हुआ है. जिसके बाद वे लोग हंगामा करने लगे. परिजनों के हंगामे की आवाज सुन आसपास के लोग इकट्ठा होने लगे. मामले को लेकर एक परिजन ने बताया कि आंगनबाड़ी सेविका मंजू देवी द्वारा बच्चों को खराब खाना खिलाने से उनका बच्चा बीमार हो गया है.




## बीडीओ ने मामले का लिया संज्ञान

मामले की जानकारी मिलते ही कोडरमा सदर प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार आंगनबाड़ी केंद्र पर पहुंचे और मामले की छानबीन की. जांचोपरांत उन्होंने बताया कि बच्चों को खराब भोजन खिलाने की शिकायत मिली थी. जिसके बाद आंगनबाड़ी की जांच की गई. बीडीओ ने कह कि जांच में यह बात स्पष्ट हुई है कि बच्चों को खराब खाना परोसा गया था. वहां रखे अंडे भी पूरी तरह से खराब पाए गए. बीडीओ मनोज कुमार ने बताया कि उक्त आंगनबाड़ी केंद्र में कुल 33 बच्चे नामांकित हैं. लेकिन बुधवार को एक भी बच्चे उपस्थित नहीं थे. उन्होंने जब बच्चों से संबंधित उपस्थिति सूची की मांग सेविका से की तो, उन्होंने बताया कि उपस्थिति पंजी वो अपने घर में ही भूल गई हैं. बीडीओ ने कहा कि जांच की जानकारी वरीय पदाधिकारी को दी जाएगी. जिसके बाद उचित कार्रवाई की जाएगी. वहीं सेविका मंजू देवी ने कहा कि उन्हें झूठे मामले में फंसाने की साजिश की जा रही है.

## तेज रफ्तार बाइक सवार युवक ने मारी टक्कर, घायल




**साहिबगंज** :तालझारी थाना क्षेत्र के सकरीगली अंबाडीहा निवासी संजय मरांडी की 12 वर्षीय पुत्री प्रीति मरांडी की तेज रफ्तार बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दिया जिससे प्रति गंभीर रूप से घायल हो गई स्वजनों अपने इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती करवाया जहां डाक्टर ने प्राथमिक उपचार किया। स्वजनों ने बताया कि प्रीति किराना दुकान से सामान लेकर लौट रही थी। इसी बीच एक तेज रफ्तार बाइक सवार युवक ने उसे टक्कर मार दिया। प्रीति के कमर व पैर पर गंभीर चोट लगी है।

## न्यूज IN ब्रीफ

### ब्रह्मकुमारी साहिबगंज शाखा में आयोजित होगा समर कैंप कार्यक्रम



**साहिबगंज:** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के छोटा पचगढ़ जिरवाबाड़ी डॉ.अजय कुमार सिंह व राजेश कुमार सिंह के मकान में ब्रह्मकुमारी साहिबगंज शाखा की ओर से आगामी 2 से 4 जून तक 5 साल से लेकर 17 साल तक के बच्चों के लिए समर कैंप कार्यक्रम में तहत मैजिक ऑफ मेडिटेशन योगा व प्राणायाम ब्रेन बूस्टिंग एक्सरसाइज,फन गेम्स,डांस, म्यूजिक एवं स्वास्थ्य अधिकारी,कर्मी व मीडिया प्रतिनिधियों के लिए भी एंजोयिंग गेम ऑफ द लाइफ कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।वही इसको लेकर शाखा प्रबंधक बिंदु दीदी ने बताया कि जो भी लोग अपने अपने बच्चों समेत परिवार के साथ इस कार्यक्रम में शामिल होना चाहते हैं वे दिए गए व्हाट्सएप नंबर 7870505167 या शाखा के द्वारा जारी किए गए लिंक से अपना अपना रज्ट्रिेशन करवा लें ताकि कार्यक्रम सुचारू रूप से आयोजित की जा सकें।

### पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर एक विचार गोष्ठी




**साहिबगंज:** शहर के बंगाली टोला स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय मे कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष मो कलीमुद्दीन के नेतृत्व मे पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व राजीब गाँधी के तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया.और उनके जीवन से प्रेरणा लेने की शपथ ली.विचार गोष्ठी में कई वक्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री के जीवन और उनके योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि राजीव गांधी ने 18 वर्ष के युवाओं को मतदान का अधिकार दिया। पंचायत राज व्यवस्था को मजबूत किया और ग्राम पंचायतों को विशेष अधिकार दिए।विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उनकी दूरदर्शी सोच आज भी प्रेरणादायक है।इस मौके पर सभी ने संकल्प लिया कि वे राजीव गाँधी जी के आदर्शों और विजन को आगे बढ़ाएंगे.कार्यक्रम में बासुकीनाथ यादव अशोक पासवान,सरफराज आलम,अजय यादव,नदीम इखलाक,जामुन दास,सादिक रजा,सद्दाम हुसैन रिजवान अंसारी,अनूप हर्षवाल,अली कुरैशी,सतीश पासवान,सब्दुल अंसारी सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

### बोकारो में नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म, तीन आरोपी गिरफ्तार, एक फरार

**बोकारो:** जिले के माराफारी थाना क्षेत्र में नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म मामले में पुलिस ने 12 घंटे के अंदर 4 में से 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया. गिरफ्तार आरोपियों में दीपक कुमार पिता ज्ञानदेव चौधरी, विक्की कुमार पिता कमलेश राय और सूरज कुमार पिता लखन शर्मा को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया. इस मामले में राकेश कुमार अभी भी फरार है.

पीड़िता ने अपने लिखित आवेदन में कहा है कि 16 मई को वह अपने दोस्त ऋषि कुमार से उसके घर पर बात कर रही थी, तभी राकेश कुमार, दीपक कुमार, विक्की राय और सूरज कुमार शर्मा ऋषि कुमार के घर में घुस गए और ऋषि कुमार के साथ मारपीट की और लड़की के साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया.

बोकारो एसपी के निर्देश पर मुख्यालय डीएसपी अनिमेष कुमार गुप्ता द्वारा एसआईटी टीम का गठन किया गया था. मुख्यालय डीएसपी अनिमेष कुमार गुप्ता ने कार्यालय में प्रेस वार्ता में बताया कि 16 वर्षीय नाबालिग लड़की 16 मई को सुबह 10 से 11 बजे के बीच अपने दोस्त से बात कर रही थी. इसके बाद दो आरोपियों ने लड़की के दोस्त को एक कमरे में बंद कर दिया और उसकी पिटाई की, वहीं एक युवक ने लड़की को पकड़ लिया जबकि दूसरे ने उसके साथ दुष्कर्म किया.पीड़िता की मां के अनुसार, उसकी 16 वर्षीय बेटी अपने एक दोस्त से बात कर रही थी. तभी चार युवक वहां पहुंचे और उसके दोस्त के साथ मारपीट करने लगे और नाबालिग को एक कमरे में ले गए. जहां उसके साथ दुष्कर्म किया गया.पीड़िता के अनुसार, एक युवक ने उसके साथ दुष्कर्म किया, जबकि अन्य तीन युवकों ने इस वारदात को अंजाम देने में युवक की मदद की. घटना के बाद नाबालिग को घर में किसी को बताने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी भी दी गई. नाबालिग ने मंगलवार को अपनी मां को इसकी जानकारी दी. जिसके बाद देर रात मामला दर्ज किया गया. पीड़िता की मां ने कहा कि जिस तरह से उन्होंने मेरी बेटी के साथ गलत किया है, उन्हें कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए. इन लोगों को फांसी की सजा मिलनी चाहिए. मां ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है.

# रघुवर दास पहुंचे बोकारो, पीड़ित आदिवासी महिला से मिलकर 50 हजार रुपये की सहायता राशि दी

मेट्रो रेज

**बोकारो:** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने बोकारो पहुंचे और पीड़ित आदिवासी महिला से मुलाकात की. इस दौरान उन्होंने आदिवासी महिला से घटना की विस्तृत जानकारी ली. साथ ही महिला को 50 हजार रुपये की सहायता राशि भी सौंपी.

ग्रामीणों से घटना की विस्तृत जानकारी ली इस दौरान रघुवर दास ने ग्रामीणों से भी बातचीत की. ग्रामीणों ने रघुवर दास को बताया कि घटना के बाद विशेष समुदाय के लोगों के द्वारा लगातार धमकी दी जा रही है. पीड़िता को जान से मारने की धमकी दी जा रही है. ग्रामीणों की बातें सुनने के बाद रघुवर दास ने कहा कि सभी एकजुट रहें. हमारे रहते कोई किसी का कुछ नहीं बिगाड़ सकता.

**डीसी और एसपी से रघुवर दास ने की बात**

इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने बोकारो की डीसी और एसपी से भी बात कर पीड़िता के परिवारवालों के साथ गांव वालों को सुरक्षा मुहैया कराने की बात कही. साथ ही पीड़ित महिला को सरकारी प्रावधान के मुताबिक चार लाख रुपये मुआवजा देने का निर्देश दिया.



**सरकार पर तुष्टीकरण की राजनीति करने का आरोप**

पीड़िता और ग्रामीणों से मिलने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने मीडिया ने बातचीत में कहा कि राज्य की सरकार सिर्फ तुष्टीकरण की राजनीति कर रही है. चुनाव से पहले आदिवासी की बात करती है और चुनाव के बाद पापी पेट का सवाल हो जाता है. उन्होंने कहा कि राज्य के एक मंत्री को विशेष समुदाय के घर जाकर मुआवजा और नौकरी देने की बात नहीं करनी चाहिए थी. उन्हें आदिवासी महिला के घर भी जाना चाहिए था.

## पीड़िता ने सुनाई आपबीती

पीड़िता ने रघुवर दास को बताया कि वह घटना के दिन तालाब में नहा रही थी. इसी दौरान उसके साथ दुष्कर्म की कोशिश करने का प्रयास किया गया. जब उसने इसका विरोध करते हुए उसे दांत से काटा तो वह भाग खड़ा हुआ.शोर मचाने पर ग्रामीणों ने उसे पकड़ लिया और पिटाई कर दी. घटना में एक विशेष समुदाय का युवक शामिल था. पीड़िता ने राज्य के

**भाजपा पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है: रघुवर दास**

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि यह मॉब लिंचिंग का मामला नहीं है. दुष्कर्म करने का प्रयास कर रहे आरोपी के साथ आक्रोशित लोगों ने मारपीट की थी. जिससे उसकी मौत हो गई, लेकिन लोगों को कानून हाथ में नहीं लेना चाहिए था. उन्होंने कहा कि इस राज्य में एक विशेष समुदाय के द्वारा आदिवासियों पर लगातार इस तरह की घटना को अंजाम दिया जा रहा है. जिसे अब पूरी तरह से बंद करना होगा. पार्टी इस पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है.

# निरीक्षण के उपरांत वार्डेन को छात्राओं की सुविधा सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिए दिशा निर्देश



मेट्रो रेज

**साहिबगंज/बोरियो :** प्रखंड अंतर्गत कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में क्षेत्र के सभी आवासीय विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी बोरियो नागेश्वर साव की अध्यक्षता में की गई। इस बैठक में विद्यालयों में नामांकन की वर्तमान स्थिति के साथ-साथ आवश्यक आधारभूत सुविधाओं जैसे बिजली, पेयजल, शौचालय खेलकूद सामग्री भवन आदि की स्थिति की समीक्षा की गई। जबकि कल्याण आवासीय विद्यालय चांदवासी और बन्दरकोला में शौचालय की अनुपलब्धता वहीं पनसोखा विद्यालय में पहुंच पथ की समस्या को चिन्हित किया गया। इन समस्याओं के समाधान हेतु संबंधित पंचायत सचिव को 15वीं वित्त आयोग मद से निर्माण कार्य प्रारंभ कराने का निर्देश दिया जिसमें कस्तूरबा गांधी विद्यालय, बोरियो का भौतिक निरीक्षण भी किया गया। निरीक्षण के क्रम में विद्यालय में बने मल्टीपरपस हॉल छात्रावास कक्षाएं और रसोईघर की स्थिति देखी गई। निरीक्षण के उपरांत वार्डेन को छात्राओं की सुविधा सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए।

बैठक और निरीक्षण के दौरान बीईईओ प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सहित विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण आवासीय सुविधा व समुचित शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना था। प्रखंड प्रशासन ने विद्यालयों के समुचित संचालन हेतु सभी संबंधित पदाधिकारियों को समयबद्ध कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

# पाकुड़ के मजदूरों से हिमाचल प्रदेश में काम करा बिचौलिए ने हड़प ली मजदूरी

दुमका डीआईजी से की शिकायत

मेट्रो रेज

**दुमका:** पाकुड़ जिले के अमड़ापाड़ा थाना क्षेत्र के रहने वाले आदिम जनजाति पहाड़िया समुदाय के 18 युवकों को हिमाचल प्रदेश में सड़क निर्माण में मजदूरी करवा कर उनका पैसा मेठ के द्वारा हड़पने का मामला सामने आया है. हिमाचल प्रदेश से किसी तरह सभी युवक दुमका पहुंचे और डीआईजी के नाम आवेदन देकर मजदूरी दिलाने की गुहार लगाई है.

**पाकुड़ के 18 युवक गए थे हिमाचल प्रदेश**

दरअसल, पाकुड़ जिले के अमड़ापाड़ा थाना क्षेत्र के आदिम जनजाति पहाड़िया समुदाय के 18 युवक नवंबर 2024 में दो बिचौलिए (मेठ) के माध्यम से मजदूरी करने हिमाचल प्रदेश गए थे. हिमाचल में उन्हें सड़क निर्माण कार्य में लगाया गया था. युवकों ने पांच महीने तक वहां काम किया. प्रत्येक युवक को 17 हजार रुपये प्रतिमाह मजदूरी देने की बात हुई थी. मजदूरों से कहना है कि इस पांच माह के दौरान सिर्फ भोजन दिया गया. पांच महीने में उन्हें एक रुपया नहीं दिया गया और इनका एटीएम कार्ड भी दोनों बिचौलियों ने अपने पास रख लिया.



**काम कराकर मजदूरी नहीं देने का आरोप**

युवकों ने बताया कि कुछ दिन पूर्व जब काम समाप्त हो गया और जब उन्होंने अपनी मजदूरी की मांग की तो सीधे तौर पर उन्होंने रुपये देने से इनकार कर दिया. यहां तक कि उनके पास इतने रुपये भी नहीं थे कि हिमाचल प्रदेश से ये अपने घर पहुंच सकें. किसी तरह रुपये इंतजाम कर बुधवार को ये सभी 18 मजदूर दुमका पहुंचे और यहां उन्होंने संथाल परगना के डीआईजी को पत्र लिखकर वस्तुस्थिति से अवगत कराते हुए मजदूरी दिलाने की मांग की है.

## क्या कहते हैं मजदूर

इस संबंध में मजदूर बबलू पहाड़िया और धर्मेंद्र पहाड़िया ने बताया कि हम सब हिमाचल प्रदेश में सड़क निर्माण करने गए थे. 17 हजार रुपये मजदूरी प्रतिमाह पर बात तय हुई थी, लेकिन हमें ले जाने वाले मेठों ने हमारी मजदूरी हड़प ली. उनका कहना है कि हम लोग जैसे-तैसे दुमका तो पहुंच गए हैं, लेकिन हमारे पास उतना पैसा भी नहीं है कि अपने घर पाकुड़ के अमड़ापाड़ा पहुंच सकें. उन्होंने प्रशासन से मजदूरी दिलाने की गुहार लगाई है.

# ईश्वरी पांडेय बनाए गए दिशा के सदस्य

मेट्रो रेज

**मेदिनीनगर :** मनातू थाना क्षेत्र के बसकटीया गांव के जंगल में 17 मई को पलामू पुलिस एवं टीएसपीसी नक्सली संगठन के जोनल कमांडर शशिकांत गंजू के दस्ते के बीच हुई मुठभेड़ में जख्मी टॉप कमांडर गौतम यादव को पलामू पुलिस ने उत्तर प्रदेश के बनारस में निजी अस्पताल से गिरफ्तार कर लिया गया है। पलामू एसपी रीष्मा रमेशन ने बताया कि पुलिस की निगरानी में इलाज जारी है इस मामले में कोर्ट को सूचना दिया जा रहा है। अस्पताल से छुट्टी होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पलामू पुलिस के गठित टीम द्वारा यह कार्रवाई की है।उन्होंने कि मनातू थाना क्षेत्र में पुलिस और टीएसपीसी नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई थी इस मुठभेड़ के दौरान गौतम यादव को दो गोली लगी थी इसके बाद से वह अपना नाम छुपाकर बनारस के एक निजी अस्पताल में इलाज करवा रहा था। सूचना मिलते ही पलामू पुलिस की विशेष टीम ने उत्तर प्रदेश पुलिस के सहयोग से छापेमारी कर उसे विरासत में लेते हुए कोर्ट में सूचना देने के बाद गिरफ्तार कर लिया गया है। इस संबंध मनातू थाना में प्रतिबंध टीएसपीसी उग्रवादी संगठन के जोनल कमांडर सह 10 लाख के इनामी शशिकांत गंझू, नगीना,गौतम,मुखदेव यादव,शंभु सिंह, सहित आठ अन्य लोगों के विरुद्ध गंभीर धाराओं के तहत मामला दर्ज है।

# एथलीटों की प्रतिभा सराहनीय हैं ये खिलाड़ी निश्चित ही राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर नाम रोशन करेंगे

मेट्रो रेज

**साहिबगंज:**भारतीय एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया नई दिल्ली व झारखंड एथलेटिक्स संघ, रांची के निदेर्शानुसार साहिबगंज जिला एथलेटिक्स संघ के तत्वावधान में दो दिवसीय जिला स्तरीय सब जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन सिदो-कान्हू स्टेडियम साहिबगंज में किया गया। प्रतियोगिता का समापन पुरस्कार वितरण समारोह के साथ हुआ, जिसमें सैकड़ों प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जबकि समारोह के मुख्य अतिथि आईटीडीए डायरेक्टर संजय कुमार दास जिला पंचायत राज पदाधिकारी अनिल कुमार एवं जिला खेल पदाधिकारी पंकज कुमार झा ने विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया।जिला खेल पदाधिकारी श्री झा ने अपने संबोधन में कहा, जिले के उभरते हुए एथलीटों की प्रतिभा सराहनीय है। ये खिलाड़ी निश्चित ही राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम रोशन करेंगे। जिसमें प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन बालक अंडर-14 एवं अंडर-16 वर्ग में आवासीय बालक एथलेटिक्स प्रशिक्षण केंद्र, साहेबगंज विजेता रहा।डे बोर्डिंग एथलेटिक्स प्रशिक्षण केंद्र, सकरीगली दोनों वर्गों में उपविजेता रहा।बालिका अंडर-14 वर्ग में टाइगर एथलेटिक्स क्लब, सकरीगली विजेता तथा डे बोर्डिंग बालिका, साहेबगंज उपविजेता रही।बालिका अंडर-16 में डे बोर्डिंग बालिका, साहेबगंज विजेता बनी, वहीं टाइगर क्लब, सकरीगली उपविजेता रहा। और तो और सर्वश्रेष्ठ एथलीट बेस्ट एथलीटबालक वर्गः संतोष मुर्मू,बालिका वर्गः रोशनी कुमारी,प्रतियोगिता के आधार पर राज्य स्तरीय सब जूनियर प्रतियोगिता, जामताड़ा के लिए एथलीटों का चयन किया गया।इस संदर्भ में समारोह में मुख्य रूप सेराजेश कुमार यादव, ओम तत्सत, माधव चंद्र घोष, सचिव, योगेश यादव कोच, अशोक साहनी, प्रकाश सिंह बादल, गौरव प्रियदर्शी, कौशल किशोर मरांडी,गौतम झा आदि उपस्थित थे।



## राजमहल बीडीओ सह सीओ ने राजस्व कर्मचारी के साथ दुर्व्यवहार की कड़ी निंदा

# यह घटना न केवल प्रशासनिक अनुशासन और मयार्दा का घोर उल्लंघन है : कर्मचारी

संवाददाता

साहिबगंज:राजमहल प्रखंड के प्रशासनिक ढांचे में घटित एक अत्यंत निंदनीय घटना पर गहरी चिंता और आक्रोश व्यक्त करते हैं।प्राप्त जानकारी के अनुसार,राजमहल के प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी द्वारा अपने ही अधीनस्थ राजस्व कर्मचारी मोहम्मद इम्तियाज के साथ आपत्तिजनक व्यवहार किया गया। बताया जाता है। कि अधिकारी ने उन्हें फोन पर बुलाकर कॉलर पकड़कर गाली-गलौज की और थप्पड़ तक जड़ दिया।यह घटना न केवल प्रशासनिक अनुशासन और मयार्दा का घोर उल्लंघन है।बल्कि यह सरकारी सेवा में कार्यरत कर्मियों की गरिमा और आत्मसम्मान को भी गहरी ठेस पहुंचाती है।साथ ही,इस प्रकार की घटनाएँ आम जनता के बीच भय असुरक्षा और अविश्वास का वातावरण पैदा करती हैं।हम इस घटना की निष्पक्ष उच्चस्तरीय जांच की माँग करते हैं। दोषी पदाधिकारी के विरुद्ध कठोर प्रशासनिक व कानूनी कार्रवाई की अपेक्षा करते हैं ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके और कर्मचारी हितों की रक्षा सुनिश्चित हो।





# कुशा कपिला के नाम पर फ्रॉड! फैंस को चेताया

सोशल मीडिया पर कितना फ्रॉड या स्कैम होता है, इससे तो सभी जगजाहिर हैं। हाल ही में कॉन्टेंट क्रिएटर और एक्ट्रेस कुशा कपिला भी इसका शिकार बनीं। उन्होंने सोशल मीडिया पर अपने फैंस को इसकी जानकारी दी और उनके नाम पर पैसे मांग रहे फेसबुक अकाउंट से सचेत रहने की चेतावनी भी दी। इसके साथ ही उन्होंने स्क्रीनशॉट भी शेयर किया है। कुशा कपिला ने एक बयान जारी कर फैंस को एक फर्जी फेसबुक प्रोफाइल के बारे में सचेत किया है, जो उनके नाम पर पैसे मांग रहा है। उन्होंने फर्जी अकाउंट का स्क्रीनशॉट शेयर किया, जिसमें उनकी प्रोफाइल फोटो और नाम का इस्तेमाल किया गया था। अकाउंट के बायो में लिखा था स्मॉल एंड स्टूपिड और इसके 122च फॉलोअर्स थे, जबकि यह केवल तीन लोगों को फॉलो करता था।

### कुशा ने फैंस से की रिक्वेस्ट

कुशा ने इस मुद्दे को ऐसे समय उठाने के लिए माफी मांगी, जब भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ रहा था। उन्होंने कहा, यह फेसबुक पेज मेरा नहीं है/मैं इसे नहीं चलाती। प्लीज सभी अनुचित मैसेज/पैसे की रिक्वेस्ट को अनदेखा करें।

### लुक के कारण चर्चा में थीं कुशा

इससे पहले कुशा अपने लुक्स को लेकर चर्चा में थीं। उन्हें पपाराजी ने स्पॉट किया था। उन्हें देखकर फैंस ने दावा किया था कि वो बिल्कुल भी पहचान में नहीं आ रही हैं।

### इन प्रोजेक्ट्स में नजर आई कुशा

वर्कफ्रंट की बात करें तो कुशा को पिछली बार सीरीज लाइफ हिल गई में देखा गया था। इसमें दिव्येंदु और मुक्ति मोहन जैसे कलाकार थे। उन्होंने मसाबा मसाबा सीजन 2, केस तो बनता है, माइनस वन- न्यू चैप्टर और देहाती लड़के छाया जैसी सीरीज में एक्टिंग की है। वो कई फिल्मों में नजर आ चुकी हैं, जिनमें घोस्ट स्टोरीज, प्लान ए प्लान बी, सुखी और थैंक यू फॉर कमिंग शामिल हैं।



# साई पल्लवी ने दमदार किरदारों से बनाई अलग पहचान

**साई पल्लवी को उनकी महिला केंद्रित फिल्मों और दमदार किरदारों के लिए जाना जाता है। अपने 10 साल के करियर में साई छह फिल्मफेयर (साउथ) और 2 दक्षिण भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म अवॉर्ड अपने नाम कर चुकी हैं। इन दिनों साई रणबीर कपूर की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'रामायण' को लेकर चर्चा में हैं। जिसमें वो मां सीता के किरदार में नजर आएंगी। इस फिल्म से साई बॉलीवुड में अपना डेब्यू करने जा रही हैं। आज साई के जन्मदिन पर जानते हैं उनके सफर के बारे में।**

### डॉक्टर हैं साई पल्लवी

9 मई 1992 को तमिलनाडु के नीलगिरी जिले के कोटागिरी में जन्मी साई पल्लवी एक बडगा (बदगा) परिवार से आती हैं। साई पल्लवी का पूरा नाम साई पल्लवी सेंथमराई है। लेकिन फिल्मों में वो साई पल्लवी के नाम से ही जानी जाती हैं। साई पल्लवी एक अभिनेत्री के साथ-साथ डॉक्टर भी हैं। उन्होंने जॉर्जिया के त्बिलिसी स्टेट मेडिकल यूनिवर्सिटी से मेडिकल की पढ़ाई पूरी की है। उन्होंने 2016 में एमबीबीएस की डिग्री हासिल की है।

### कॉलेज की छुट्टियों में की पहली फिल्म की शूटिंग, मिला फिल्मफेयर अवॉर्ड

मेडिकल की पढ़ाई करने के बावजूद साई ने एक्टिंग को अपना करियर बनाया। साई को अपनी पहली फिल्म मेडिकल की पढ़ाई के दौरान ही मिली थी। 2015 में आई फिल्म 'प्रेमम' में साई के काम को काफी सराहा गया और मलार टीचर की भूमिका के लिए उन्हें साउथ का बेस्ट फीमेल डेब्यू का फिल्मफेयर अवॉर्ड भी मिला। साई ने 2016 में आई अपनी दूसरी मलयालस फिल्म समीर ताहिर द्वारा निर्देशित 'काली' के लिए पढ़ाई से एक महीने का ब्रेक लिया था। इस फिल्म में भी साई के काम की तारीफ हुई थी।

### इस वजह से विजय देवरकोंडा के साथ फिल्म को किया मना

2018 में साई पल्लवी के विजय देरकोंडा के साथ एक फिल्म में नजर आने की चर्चाएं थीं। मेकर्स ने साई को अप्रोच भी किया था। लेकिन साई ने फिल्म में विजय के साथ लिपलॉक सीन की वजह से फिल्म को मना कर दिया था। बाद में यह रोल रश्मिका मंदाना को ऑफर हुआ था। यह फिल्म विजय और रश्मिका की सुपरहिट फिल्म 'गीता गोविंदम' थी।

### आखिरी बार 'थंडेल' में आईं नजर

अपने दस साल के करियर में साई पल्लवी ने मलयालम, तमिल और तेलुगु सिनेमा में कई यादगार फिल्में दी हैं। जिनमें 'काली', 'फिदा', 'पावा कढ़ाइगल', 'श्याम सिंह रॉय', 'लव स्टोरी', 'गार्गी' और 'अमरन' जैसी फिल्में शामिल हैं। साई आखिरी बार 2025 में आई फिल्म 'थंडेल' में नजर आई थीं। इसमें उनके साथ नागा चैतन्य प्रमुख भूमिका में नजर आए हैं। साई पल्लवी एक शानदार अभिनेत्री के साथ-साथ एक बेहतरीन डांसर भी हैं।

### सीता के किरदार से बॉलीवुड में करेंगी डेब्यू

साउथ में अपने दमदार अभिनय की छाप छोड़ने के बाद अब साई पल्लवी बॉलीवुड में अपने जोरदार डेब्यू के लिए तैयार हैं। वो नितेश तिवारी द्वारा निर्देशित 'रामायण' में माता सीता के किरदार में नजर आएंगी। इस फिल्म में रणबीर कपूर भगवान राम और यश रावण के किरदार में नजर आएंगे। फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है, जिसकी कुछ तस्वीरें भी लीक हुई थीं। 'रामायण' दो भागों में रिलीज होनी है, जिसका एक पार्ट साल 2026 में और दूसरा 2027 में रिलीज होना है। साई सीता मां के रोल के लिए काफी चर्चा में बनी हुई हैं। इसके अलावा साई के आमिर खान के बेटे अभिनेता जुनैद खान के साथ भी एक फिल्म में नजर आने की चर्चाएं हैं।



# फर्जी 2 के लिए शाहिद कपूर को मिल रही करियर की सबसे ज्यादा फीस

बॉलीवुड एक्टर शाहिद कपूर की मोस्ट अवेटेड वेब सीरीज फर्जी के सीक्वल की शूटिंग शुरू होने से जुड़ी खबर सामने आई है। बताया जा रहा है कि इसके कमबैक की पूरी तैयारी हो गई है। साथ ही इस बार एक्टर को इसके लिए मोटी रकम भी मिल रही है। 2023 में अमेजन प्राइम वीडियो के साथ उन्होंने अपना ओटीटी डेब्यू किया था। और अब फिर से वह उसी अवतार में दिखाई देंगे। इसका डायरेक्शन राज और डीके ने किया है। रिपोर्ट के मुताबिक, शाहिद कपूर को दूसरे सीजन यानी फर्जी 2 के लिए करीब 45 करोड़ रुपये बतौर फीस दिया जा रहा है। और ये उनके करियर की अब तक की सबसे ज्यादा फीस है। सोर्सेज के हवाले से बताया गया है कि शाहिद आमतौर पर प्रति फिल्म 25 से 30 करोड़ रुपये लेते हैं, लेकिन डिजिटल प्रोजेक्ट के लिए वो अलग फीस स्ट्रक्चर पर बातचीत करते हैं।

### फर्जी 2 की शूटिंग कब होगी शुरू?

रिपोर्ट में ये भी बताया गया है कि फर्जी 2 इसी साल दिसंबर, 2025 तक में ये फ्लोर पर आ जाएगी। डायरेक्टर राज और डीके फिलहाल रक्त ब्रह्मांड की शूटिंग में बिजी हैं। और वह अपने सभी कमिटमेंट्स को पूरा करने के बाद सीक्वल के लिए प्री-प्रोडक्शन शुरू करेंगे। सोर्सेज ने ये भी बताया है कि इस वेब सीरीज के लिए शाहिद कपूर के साथ कोर प्लॉटलाइन पर बात हो चुकी है।

### फर्जी 2 कब होगी रिलीज?

सीरीज के दूसरे सीजन में विजय सेतुपति और के के मेनन के बीच तकरार देखने को मिलेगी। रिलीज डेट की बात करें तो वह 2026 का दावा कर रहे हैं। इस सीरीज में राशि खन्ना, भुवन अरोड़ा और काव्या थापर भी अहम भूमिका में थे। फिलहाल शाहिद कपूर अभी विशाल भारद्वाज की डायरेक्टेड एक गैंगस्टर एक्शन फिल्म अर्जुन उस्तारा की शूटिंग कर रहे हैं। फिल्म में तृप्ति डिमरी मुख्य भूमिका में हैं और यह 5 दिसंबर, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# सामंथा ने निर्देशक राज निदिमोरु संग किया रिश्ता कन्फर्म!

सामंथा रुथ प्रभु इन दिनों अपनी लव लाइफ को लेकर सुर्खियों में हैं। हाल ही में उनका नाम निर्देशक राज निदिमोरू के साथ जोड़ा जा रहा है। इस बीच सामंथा ने सोशल मीडिया पर कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें राज निदिमोरु भी नजर आ रहे हैं। इसके बाद से ही यूजर्स का दावा है कि दोनों ने अपने रिश्ते की पुष्टि कर दी है। दरअसल, यह तस्वीरें सामंथा रुथ प्रभु ने अपने इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। तस्वीरों में राज मुस्कुराते हुए नजर आ रहे हैं और एक डॉगी उनके साथ खेल रहा है। जबकि दूसरी तस्वीर में सामंथा और राज एक साथ सेल्फी के लिए पोज देते नजर आ रहे हैं। इसके कैप्शन में एक्ट्रेस ने लिखा, 'सफर लंबा था, लेकिन आखिरकार हम यहां तक पहुंच ही गए ।एक नई शुरुआत।' सामंथा और राज निदिमोरु साथ में द फैमिली मैन और सिटाडेल- हनी बनी जैसे प्रोजेक्ट्स में काम कर चुके हैं। दोनों को पिकलबॉल टीम चेन्नई सुपर चैंप्स के साथ भी देखा गया था। इसके बाद से ही उनके रिश्ते को लेकर खबरें आने लगी थीं। हालांकि, अब तक दोनों ने इस बारे में कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। सामंथा रुथ प्रभु इन दिनों फिल्म शुभम का जोर-शोर से प्रमोशन कर रही हैं। यह बतौर प्रोड्यूसर उनकी पहली फिल्म होगी।



# ओप्पम के रीमेक के लिए सैफ सीखेंगे कलारीपयट्ट

सैफ अली खान मलयालम की सुपरहिट थ्रिलर फिल्म ओप्पम के हिंदी रीमेक में मुख्य भूमिका निभाएंगे। इस फिल्म का निर्देशन जाने-माने निर्देशक प्रियदर्शन करेंगे और इसकी शूटिंग इसी साल के अंत तक शुरू होने की संभावना है। फिल्म में सैफ एक नेत्रहीन व्यक्ति का किरदार निभाएंगे और इस भूमिका को प्रामाणिकता देने के लिए वह पारंपरिक भारतीय मार्शल आर्ट कलारीपयडू भी सीखेंगे।

सैफ की यह ट्रेनिंग इस चुनौतीपूर्ण भूमिका के प्रति उनकी कमिटमेंट को दर्शाता है, जिसमें फिजिकल स्किल और इमोशनल इंटेंसिटी दोनों की जरूरत है। एक रिपोर्ट के अनुसार सैफ, राहुल ढोलकिया की फिल्म पूरी करने के बाद दो महीने का ब्रेक लेंगे। इस इस दौरान वह नेत्रहीन व्यक्ति का किरदार निभाने की तैयारी के लिए वर्कशॉप में भाग लेंगे। इसके बाद, वह कलारीपयडू सीखने के लिए केरल जाएंगे, क्योंकि उनका किरदार एक कुशल मार्शल आर्टिस्ट का है। मूल फिल्म ओप्पम में मोहनलाल का किरदार अपनी तेज सूंघने, सुनने और छूने की क्षमता के जरिए रहस्य को सुलझाता है और सैफ भी हिंदी रीमेक में उसी परफेक्शन को लाने के लिए कमिटेड हैं। वह इसमें इंटेंस एक्शन सीक्वेंस करते दिखेंगे।

ओप्पम जयरामन नाम के शख्स की कहानी बताती है, जो नेत्रहीन है और एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश की बेटी की रक्षा करता है, जिसकी हत्या उस व्यक्ति ने की है जिसे न्यायाधीश ने एक जुर्म के लिए सजा सुनाई थी। हिंदी रीमेक का निर्देशन करने के साथ ही प्रियदर्शन इसकी राइटिंग भी कर रहे हैं।



# सऊदी प्रो लीग 2024-25: रोनाल्डो और ड्यूरान के गोल से अल नासर ने अल खलीज को 2-0 से हराया

अल-अव्वल पार्क, रियाद में हुआ मुकाबला, अल नासर 67 अंकों के साथ चौथे स्थान पर बरकरार

एजेंसी

**नई दिल्ली :** सऊदी प्रो लीग 2024-25 में बुधवार रात खेले गए मुकाबले में अल नासर ने अल खलीज को 2-0 से हराकर महत्वपूर्ण जीत दर्ज की। इस जीत के साथ टीम 33 मैचों में 67 अंकों के साथ अंकतालिका में चौथे स्थान पर बनी हुई है। अल नासर के लिए यह गोल क्रिस्टियानो रोनाल्डो और जॉन ड्यूरान ने किए।

**पहला हाफ: गोल के मौके तो मिले, पर गोल नहीं**

पहले हाफ में अल नासर ने आक्रामक शुरूआत की, लेकिन अंतिम क्षणों में फिनिशिंग की कमी के चलते स्कोर खाता नहीं खुल सका। रोनाल्डो को दो बार गोल करने का मौका मिला, लेकिन वह गेंद को जाल में नहीं पहुंचा सके। कोच स्टेफानो पियोली की टीम आक्रमण में थोड़ी धीमी नजर आई। दूसरे हाफ में अल नासर ने पूरी आक्रामकता के साथ शुरूआत की। 47वें मिनट में रोनाल्डो को कटबैक पर गोल करने का सुनहरा मौका मिला, लेकिन उनका शॉट बार के ऊपर चला गया। इसके बाद 63वें मिनट में अल नासर को पेनल्टी मिली, लेकिन रोनाल्डो ने वह मौका भी चूक दिया।ड्यूरान ने दिलाई बढ़त



लगातार मौके गंवाने के बाद आखिरकार 75वें मिनट में जॉन ड्यूरान ने सादियो माने के क्रॉस पर बेहतरीन हेडर के जरिए गोल कर अल नासर को 1-0 की बढ़त दिला दी। स्टॉपेज टाइम में रोनाल्डो ने खोला खाता मैच के अंतिम क्षणों में ऐसा लग रहा था कि रोनाल्डो बिना गोल किए ही मैच समाप्त करेंगे, लेकिन स्टॉपेज टाइम में उन्हें एक और पेनल्टी मिली जब खलीज के गोलकीपर ओजैबी राएद ने उन्हें बॉक्स में गिरा दिया। वीएआर पुष्टि के बाद रोनाल्डो ने इस बार कोई गलती नहीं की और पेनल्टी को गोल में बदलकर अल नासर को 2-0 से जीत दिला दी। यह जीत अल नासर के लिए सीजन के अंतिम चरण में मनोबल बढ़ाने वाली रही, जबकि रोनाल्डो ने भी आखिरकार गोल के साथ मैच खत्म किया।

### हांसी फ्लिक ने बढ़ाया बार्सिलोना के साथ करार, 2027 तक बने रहेंगे कोच

**बार्सिलोना :** स्पेनिश फुटबॉल क्लब एफसी बार्सिलोना ने अपने कोच हांसी फ्लिक के साथ करार को जून 2027 तक बढ़ा दिया है। क्लब ने बुधवार को इसकी आधिकारिक घोषणा की। जर्मन कोच हांसी फ्लिक ने बार्सिलोना के साथ अपने पहले ही सीजन में ला लीगा, कोपा डेल रे और स्पेनिश सुपर कप जीतकर घरेलू ट्रेबल हासिल किया। उनके इस प्रदर्शन ने प्रशंसकों और क्लब प्रबंधन दोनों को प्रभावित किया है। फ्लिक ने जावी हर्नांडेज की जगह बार्सिलोना की कमान संभाली थी, जब टीम पिछले सीजन एक भी ट्रॉफी जीतने में नाकाम रही थी। शुरूआती करार 2026 तक का था, जिसे अब एक साल के लिए बढ़ा दिया गया है।

फ्लिक की कोचिंग में बार्सिलोना ने यूईएफए चैंपियंस लीग में भी शानदार प्रदर्शन किया और सेमीफाइनल तक का सफर तय किया, जहां टीम को इंटर मिलान से कड़े मुकाबले में हार मिली। ला लीगा में बार्सिलोना अब तक 37 मैचों में 99 गोल कर चुका है और खिताब पहले ही अपने नाम कर चुका है। टीम रविवार को सीजन का अंतिम मुकाबला एथलेटिक बिलबाओ के खिलाफ खेलेगी।

# रोरी मैक्लरॉय पहली बार भारत में खेलेंगे, डीपी वर्ल्ड इंडिया चैंपियनशिप में करेंगे शिरकत

एजेंसी

**नई दिल्ली :** ग्रैंड स्लैम चैंपियन रोरी मैक्लरॉय अक्टूबर में दिल्ली गोल्फ क्लब में होने वाले 4 मिलियन डॉलर इनामी डीपी वर्ल्ड इंडिया चैंपियनशिप में हिस्सा लेंगे। यह टूनार्मेंट 16 से 19 अक्टूबर तक आयोजित होगा। रोरी मैक्लरॉय ने बुधवार को एक आधिकारिक बयान में कहा, ₹मैं हमेशा वैश्विक टूनार्मेंट खेलने का आनंद लेता हूं। भारत में गोल्फ को आगे बढ़ाने की जबरदस्त संभावनाएं हैं। यह मेरे लिए एक शानदार अवसर है और मैं भारतीय गोल्फ प्रशंसकों के सामने खेलने को लेकर उत्साहित हूं। डीपी वर्ल्ड के मुख्य वित्तीय अधिकारी युवराज नारायण ने कहा, ₹भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। हम दिल्ली को वैश्विक खेल मंच पर प्रदर्शित कर रहे हैं और युवा प्रतिभाओं को प्रेरित करने के लिए एक मंच बना रहे हैं। रोरी मैक्लरॉय की भागीदारी से न सिर्फ वैश्विक ध्यान आकर्षित होगा, बल्कि भारत को एक प्रमुख गोल्फ गंतव्य के रूप में स्थापित करने में मदद मिलेगी। मैक्लरॉय ने इस साल अप्रैल में प्रतिष्ठित ग्रीन जैकेट जीतकर अपना करियर ग्रैंड स्लैम पूरा किया। इससे पहले वे 2011 में यूएस ओपन, 2012 और 2014 में यूएस पीजीए चैंपियनशिप और 2014 में द ओपन खिताब अपने नाम कर चुके हैं। डीपी वर्ल्ड इंडिया चैंपियनशिप 2025 रेस टू दुबई के दूसरे चरण की नौ में से आठवीं प्रतियोगिता होगी। इस चरण के बाद प्लेऑफ मुकाबले होंगे और अंत में नवंबर में दुबई के जुमेराह गोल्फ एस्टेट्स में डीपी वर्ल्ड टूर चैंपियनशिप का आयोजन होगा।



# मध्य प्रदेश में आज भोपाल, इंदौर समेत 35 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट

एजेंसी

**भोपाल :** मध्य प्रदेश में मई के महीने में सावन-भादौ जैसा मौसम देखने को मिल रहा है। बुधवार को ओले, बारिश और आंधी का दौर जारी रहा। कुछ जिलों में तेजी गर्मी भी रही। देर रात छतरपुर और मुरैना में तेज आंधी में पेड़ गिर गए, जिससे बिजली के तार टूट गए। प्रदेश में आज गुरुवार को भी भोपाल, इंदौर समेत 35 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। वहीं ग्वालियर-चंबल में लू चलेगी। मौसम विभाग के अनुसार, एक ट्रफ मध्य प्रदेश के ऊपर से गुजर रही है। वहीं, एक साइक्लोनिक सकुर्लेशन सिस्टम की एक्टिविटी भी है। इस वजह से प्रदेश में आंधी-बारिश का दौर चल रहा है।

**ग्वालियर-चंबल में चलेगी लू**



अगले कुछ दिन तक ऐसा ही मौसम बना रहेगा। गुरुवार को भी 35 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। भोपाल, इंदौर, उज्जैन, जबलपुर, सतना, रीवा, मऊगंज, सीधी, सिंगरौली, उमरिया, शहडोल, नरसिंहपुर, नर्मदापुरम, रायसेन, विदिशा, सीहोर, शाजापुर, देवास, धार और रतलाम में तेज आंधी और बारिश होने की संभावना है। जबकि ग्वालियर, मुरैना, भिंड, दतिया, निवाड़ी, टीकमगढ़ और छतरपुर में लू चलने का पूवार्नुमान है। वहीं, अनूपपुर, डिंडौरी, मंडला, बालाघाट, सिवनी, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, बैतूल, हरदा, खंडवा, बुरहानपुर, खरगोन, बड़वानी, अलीराजपुर और झाबुआ में आंधी का ऑरेंज अलर्ट है। इन जिलों में हवा की रफ्तार 60 किलोमीटर प्रतिघंटा तक रह सकती है। प्रदेश के 13 से ज्यादा जिलों में बुधवार को आंधी-बारिश का दौर रहा। कुछ जिलों में ओले भी गिरे। भोपाल-इंदौर में दोपहर तक तेज गर्मी रही, लेकिन इसके बाद हल्की बारिश शुरू हो गई। सीहोर के कई गांवों में ओले गिरे। रतलाम, विदिशा में तेज आंधी वाला मौसम रहा। धार, रतलाम, छिंदवाड़ा, नर्मदापुरम, रायसेन, रीवा, सागर, बालाघाट में भी बारिश का दौर चलता रहा। होशंगाबाद रोड पर मंडीदीप और औबेदुल्लागंज के बीच 10 से ज्यादा बिजली के पोल तेज हवा से झुक गए।

इधर, छतरपुर प्रदेश का सबसे गर्म जिला रहा। खजुराहो में तापमान 46 डिग्री और नौगांव में 45.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। टीकमगढ़ में 44.5 डिग्री, गुना में 44.4 डिग्री, शिवपुरी में 44.2 डिग्री, सतना में 43.6 डिग्री, दमोह में 42 डिग्री, सीधी में 41.9 डिग्री, उमरिया, रीवा-सागर में 41 डिग्री और मंडला में 40.2 डिग्री दर्ज किया गया। बड़े शहरों की बात करें तो ग्वालियर में सबसे ज्यादा 44.6 डिग्री, भोपाल में 39.1 डिग्री, इंदौर में 36.8 डिग्री, जबलपुर में 41 डिग्री और उज्जैन में तापमान 38.7 डिग्री सेल्सियस रहा।

# आपदा प्रभावित जिलों में अधिकारी भ्रमण करें और राहत कार्य पर नजर रखें : मुख्यमंत्री योगी

### आंधी-बारिश, ओलावृष्टि, वज्रपात के दृष्टिगत सम्बन्धित जनपदों के अधिकारियों को पूरी तत्परता से राहत कार्य के निर्देश

एजेंसी

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आंधी-बारिश, ओलावृष्टि के दृष्टिगत सम्बन्धित जनपदों के अधिकारियों को पूरी तत्परता से राहत कार्य संचालित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारी क्षेत्र का भ्रमण कर सर्वे करें तथा राहत कार्य पर नजर रखें। आकाशीय बिजली, आंधी तूफान, बारिश आदि आपदा से जनहानि और पशुहानि होने की स्थिति में तत्काल प्रभावितों को राहत राशि का वितरण करें। घायलों का समुचित उपचार कराया जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देशित किया कि अधिकारीगण सर्वे कराकर फसल नुकसान का आकलन करते हुए आख्या शासन को भेजें, ताकि इस सम्बन्ध में अग्रेत्तर कार्यवाही की जा सके। उन्होंने निर्देशित किया कि जल जमाव की स्थिति होने पर प्राथमिकता पर जल निकासी की व्यवस्था कराई जाए। उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ समेत आसपास के कई जिलों में तेज बारिश हुई है। रात में आंधी पानी के साथ कुछ जगहों पर ओलावृष्टि भी हुई।



## हाथियों के हमले में दो युवकों की मौत

एजेंसी

**कोलकाता :** उत्तर बंगाल के जलपाईगुड़ी जिले में तिस्ता नदी के किनारे गुरुवार तड़के हाथियों के हमले में दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। यह घटना दुधिया चर इलाके में घटी, जहां बीते कुछ दिनों से हाथियों के लगातार हमलों से लोग दहशत में हैं। स्थानीय सूत्रों और वन विभाग के अनुसार, मृतकों की पहचान तुषार दास और नारायण दास के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इलाके में पिछले कुछ दिनों से सौ से भी ज्यादा हाथियों के झुंड छोटे-छोटे समूहों में बस्ती में घुसकर उत्पात मचा रहे हैं। बुधवार रात को भी हाथियों का झुंड बैकुंठपुर जंगल से सटे दुधिया चर, टाकीमारी और आस-पास के गांवों में घुस आया। हाथियों को भगाने के लिए स्थानीय युवकों ने वन विभाग की टीम के साथ मिलकर प्रयास किया। गुरुवार तड़के जब वे लौट रहे थे, तभी एक झुंड ने उन पर हमला कर दिया जिससे दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। चश्मदीदों के अनुसार, हाथियों ने उन्हें पैरों से रौंद डाला। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन गुस्साए ग्रामीणों ने शव को सड़क पर रखकर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। उनका आरोप है कि वे लगातार वन विभाग से निगरानी बढ़ाने की मांग कर रहे थे। इससे पहले, 14 मई को भी एक प्रवासी मजदूर हाथी के पैरों तले कुचला गया था।



## आजमगढ़ में स्कूली बस की चपेट में आने से बालक की मौत

### आक्रोशित लोगों ने बस में लगाई आग



एजेंसी

**आजमगढ़ :** जिले के सरायमीर थाना क्षेत्र के नंदाव गांव में गुरुवार की सुबह अनियंत्रित स्कूली बस ने 11 वर्षीय बालक को टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौत हो गई। बालक की मौत से आक्रोशित लोगों ने बस से बच्चों को उतार तोड़फोड़ कर उसे आग के हवाले कर दिया और जाम लगाकर प्रदर्शन किया। सूचना के बाद स्थानीय पुलिस के साथ ही आला अधिकारी मौके पर पहुंचे और आक्रोशित लोगों को समझाबुझाकर बालक के शव को कब्जे में लिया और जाम को समाप्त कराया। सरायमीर थाना क्षेत्र के लाल पोखरा गांव निवासी शोभई यादव का पुत्र राज यादव (11 )सुबह बाजार जा रहा था। इसी दौरान नन्दाव गांव में क्षेत्र के एक पब्लिक स्कूल की बस जो बच्चों को लेकर स्कूल जा रही थी उसकी चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। दुर्घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने बस का पीछा शुरू किया तो चालक बस को छोड़कर फरार हो गया। जिसके बाद आक्रोशित लोगों ने बस से बच्चों को उतारकर उसमें तोड़फोड़ के साथ ही आग लगा दिया। जिससे बस धू-धू कर जल गई। इसके बाद लोगों ने सड़क जाम कर प्रदर्शन शुरू किया। सूचना के बाद स्थानीय थाने की पुलिस मौके पर पहुची। इसके बाद सीओ, एसपी ग्रामीण और एसडीएम भी मौके पर पहुचे। अधिकारियों ने परिजनों व आक्रोशित लोगों को समझाया बुझाया। जिसके बाद परिजनों ने एसडीएम को तहरीर सौंपा और जाम समाप्त हुआ। एसपी ग्रामीण चिराग जैन ने बताया कि आज सुबह दुर्घटना की सूचना मिली थी। लोगों ने बताया कि 11 वर्षीय बालक बाजार जा रहा था तभी स्कूली बस ने टक्कर मार दी। जिससे मौके पर उसकी मौत हो गई। बस में तोड़फोड़ के बाद लोगों ने बस को आग के हवाले कर मौके पर जाम लगा दिया था। लोंगो को समझाबुझाकर कर जाम हटवाया गया और मांग पत्र लिया गया। मौके पर लॉ एंड आर्डर की स्थिति सही है। बालक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया और आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## बिहार के वाल्मीकि टाइगर रिजर्व में चार वर्षीय बाघिन का मिला शव

**पटना :** बिहार के पश्चिम चंपारण जिले में स्थित वाल्मीकि टाइगर रिजर्व (वीटीआर) में गुरुवार यानी 22 मई को वन प्रमंडल-2 के हरनाटाड़, कक्ष संख्या एन-3 में एक चार वर्षीय बाघिन का शव मिला है। सुबह गश्त पर निकले वनकर्मियों ने शव देखा। शरीर पर कई जगह गहरे जख्म पाए गए। वन संरक्षक सह क्षेत्र निदेशक डॉ. नेशामणि ने बताया कि प्रथम दृष्टया बाघिन की मौत किसी अन्य बाघ के साथ क्षेत्रीय वर्चस्व की भिड़ंत में होने की आशंका है। उन्होंने कहा कि भिड़ंत में शामिल दूसरा बाघ भी घायल हो सकता है, जिसकी तलाश और निगरानी के लिए वनकर्मियों की टीम तैनात की गई है। गंभीर जख्म होने पर दूसरे बाघ की भी मौत का खतरा बना हुआ है। वीटीआर के अधिकारियों ने शिकार की संभावना को खारिज किया है, लेकिन क्षेत्र में बाघों की सुरक्षा और निगरानी बढ़ा दी गई है। यह घटना वीटीआर में बाघों की लगातार हो रही मौतों की कड़ी में ताजा मामला है। वीटीआर में पिछले पांच वर्षों में छह से अधिक बाघों की मौत हो चुकी है, जो बिहार के एकमात्र टाइगर रिजर्व के लिए गंभीर चिंता का विषय है। घटनास्थल पर वन संरक्षक, डीएफओ पीयूष बरनवाल, रेंजर शिवकुमार राम, वेटनरी डॉ. मनोज कुमार टोनी, बॉयोलॉजिस्ट सौरभ कुमार और अन्य वनकर्मियों की टीम ने पहुंचकर जांच शुरू की।

## नाथपा बांध से पानी छोड़ने की तैयारी, सतलुज नदी का जलस्तर बढ़ने की चेतावनी

एजेंसी

**शिमला :** जिला शिमला के झाकड़ी स्थित नाथपा झाकड़ी जलविद्युत परियोजना (एनजेएचपीएस) के अंतर्गत नाथपा बांध से अतिरिक्त पानी सतलुज नदी में छोड़े जाने की तैयारी की जा रही है। इसके चलते सतलुज नदी का जलस्तर अप्रत्याशित रूप से बढ़ सकता है। इस स्थिति को देखते हुए परियोजना प्रबंधन ने लोगों से अपील की है कि वे सतलुज नदी के किनारों से दूर रहें और पूरी सतर्कता बरतें। एनजेएचपीएस द्वारा गुरूवार को जनहित में जारी चेतावनी में कहा गया है कि पिछले कुछ दिनों से सतलुज नदी में जलप्रवाह लगातार बढ़ रहा है। जलस्तर बढ़ने से संभावित खतरे को ध्यान में रखते हुए नाथपा बांध से नियंत्रित रूप में अतिरिक्त पानी छोड़ा जाएगा। प्रशासन ने लोगों से आग्रह किया है कि वे नदी के पास जाने से परहेज करें और आवश्यक एहतियात बरतें।



### सायरन बजने पर अलर्ट रहें स्थानीय लोग

बांध प्रबंधन की ओर से यह स्पष्ट किया गया है कि पानी छोड़े जाने से पहले और दौरान चेतावनी स्वरूप हूटर (सायरन) बजाए जाएंगे। लोगों को इन सायरनों की आवाज सुनते ही सतर्क हो जाना चाहिए और नदी क्षेत्र से पूरी तरह दूर रहना चाहिए। साथ ही नदी के आसपास चराई, मछली पकड़ने, नहाने या अन्य गतिविधियों से भी बचने की अपील की गई है। शिमला जिले के रामपुर शहर सहित झाकड़ी, निरमंड और आसपास के गांव सतलुज नदी के किनारे बसे हुए हैं। इन क्षेत्रों में अचानक जलस्तर बढ़ने की स्थिति में प्रबन्धन ने पहले से ही चेतावनी जारी कर दी है। एनजेएचपीएस प्रबंधन की ओर से स्पष्ट रूप से कहा गया है कि सुरक्षा के लिए जारी किए गए चेतावनी संकेतों की अनदेखी करना किसी भी अप्रिय घटना का कारण बन सकता है। इसलिए लोग न केवल स्वयं सतर्क रहें बल्कि अपने बच्चों और पशुओं को भी नदी किनारे न जाने दें।

## प्रयागराज में अब तक पीएम कुसुम सी-1 का 71 किसानों को मिल चुका है लाभ

एजेंसी

**प्रयागराज :** केन्द्र सरकार की पीएम कुसुम सी- योजना जब से शुरू हुई तब से अभी तक प्रयागराज के 71 किसान लाभान्वित हो चुके है। यह जानकारी गूरुवार को प्रयागराज के जिला नेडा अधिकारी ने दी। उन्होंने बताया कि केन्द्र सरकार ने देश के किसानों की आय दुगनी करने की योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2023 से शुरू किया था। इस योजना का लाभ देने के सरकार ने बाखूबी प्रचार प्रसार किया। सरकार के प्रयास से प्रयागराज में अबतक कुल 71 किसानों को लाभ दिया जा चुका है। किसानों को 90 फीसदी अनुदान प्रयागराज के नेडा अधिकारी ने बताया कि केन्द्र सरकार इस योजना के तहत अनुसूचित जनजाति, वनटांगिया एवं मुसहर समुदाय के किसानों को शत - प्रतिशत तथा अन्य श्रेणी के किसानों को 90 फीसदी अनुदान पर निजी आंनग्रिड पम्पो का सोलराइजेशन करा रही है। जाने कहां करें आवेदन प्रयागराज नेडा अधिकारी ने बताया कि किसान भाई यह लाभ पाने के लिए ँ३३स्र२://४स्रल्लीर्ि४२४्१.ल्ल पर जाकर आन-लाइन आवेदन करें। इस योजना का लाभ पहले आओ, पहले पाओ के तहत किसानों को दिया जा रहा है।



# सराफा बाजार में मामूली तेजी, सोना और चांदी की बढ़ी कीमत

एजेंसी

**नई दिल्ली :** घरेलू सराफा बाजार में आज मामूली तेजी का रुख नजर आ रहा है। कीमत में आई तेजी के कारण देश के ज्यादातर सराफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 97,430 रुपये से लेकर 97,580 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 89,310 रुपये से लेकर 89,460 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में भी तेजी आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सराफा बाजार में आज 1,00,100 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना 97,580 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 89,460 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 97,430 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 89,310 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 97,480 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 89,360 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 97,430 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 89,310 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 97,430 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 89,310 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सराफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 97,580 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 89,460 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 97,480 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 89,360 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 97,580 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 89,460 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सराफा बाजार में भी आज सोने के भाव में मामूली तेजी आई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 97,430 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सराफा बाजारों में 22 कैरेट



## न्यूज IN ब्रीफ

### पाकिस्तान ने भारतीय उच्चायोग के कर्मचारी को निष्कासित किया

**इस्लामाबाद :** पाकिस्तान ने भारतीय उच्चायोग के एक कर्मचारी को निष्कासित कर दिया। उसे 24 घंटे के भीतर पाकिस्तान छोड़ने को कहा गया है। पाकिस्तान की संघीय सरकार ने यह घोषणा गुरुवार को की। पाकिस्तान के दुनिया न्यूज के अनुसार, विदेश मंत्रालय ने कहा कि इस भारतीय उच्चायोग के इस अधिकारी की गतिविधियां राजनयिक दर्जे के अनुरूप नहीं हैं। विदेश मंत्रालय के बयान के अनुसार, अधिकारी को 24 घंटे के भीतर पाकिस्तान छोड़ने का निर्देश दिया गया है। भारतीय उच्चायोग के प्रभारी को निर्णय के बारे में अवगत करा दिया गया है। इससे पहले, भारत ने नई दिल्ली स्थित पाकिस्तान उच्चायोग के एक राजनयिक को 24 घंटे के भीतर देश छोड़ने का आदेश दिया था।

### आकाशीय बिजली गिरने से एक की मौत

**डेहरी आन सोन :** रोहतास जिले के नासरीगंज थाना क्षेत्र के मेदनीपुर गांव में आकाशीय बिजली गिरने से बीती देर रात एक किसान की मौत हो गई। मृतक मेदनीपुर निवासी 50 वर्षिय भिखारी राम हैं। पुलिस के अनुसार मृतक मेदनीपुर निवासी अमरेंद्र कुमार के यहां मजदूरी करता था। देर शाम छत पर कुछ सामग्री लाने गया था कि अचानक तेज गर्जना के साथ दो मंजिले छत पर आकाशीय बिजली गिर गइ जिसके चपेट में आने से उसकी घटनस्थल पर ही मौत हो गई। मृतक अपने पीछे पत्नी व दो पुत्र छोड़ गया है जिसमें एक पुत्र मानसिक रूप से विक्षिप्त है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि आकाशीय बिजली से हुई मौत को ले शव को अंत्यपरीक्षण के लिए सासाराम भेज दिया गया है। घटना के बाद स्वजनों में कोहराम मच गया। वह अपने परिवार का एक मात्र कमाने वाला व्यक्ति था। सीओ अंचला कुमारी ने बताया कि मृतक के मुआबजा की प्रक्रिया पूरी कर आश्रित को मुआबजा दिया जायेगा।

### अनियंत्रित कार ने मोटरसाइकिल सवार को मारी जोरदार टक्कर, पिता की मौत, बेटा घायल

**सुल्तानपुर :** नगर कोतवाली क्षेत्र में तेज अनियंत्रित कार ने बाइक सवार अधिवक्ता व साथ बैठे उनके बेटे को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर की वजह से दोनों गम्भीर रूप से घायल हो गये। उन्हें जिले के मेडिकल कालेज में इलाज हेतु भर्ती कराया गया। जहाँ पर चिकित्सकों ने पिता को मृत घोषित कर दिया। नगर निवासी अधिवक्ता नवीन शुक्ल नगर क्षेत्र के पर्यावरण के निकट स्थित एक स्कूल में अपने बेटे को मोटर साईकिल से गुरुवार की सुबह स्कूल छोड़ने के लिए निकले थे । अनियंत्रित कार ने स्कूल ने निकट मोटर साईकिल मे जोरदार टक्कर मार दी। दोनों घायलो को इलाज हेतु अस्पताल मे भर्ती कराया गया। जहाँ पर चिकित्सकों ने अधिवक्ता नवीन शुक्ल ( 45 ) को मृत घोषित कर दिया। अधिवक्ता के बेटे की भी हालत गम्भीर बताई जा रही है। अधिवक्ता के निधन व उनके पुत्र की हालत गम्भीर होने की खबर पाकर अधिवक्ताओं मे शोक की लहर है।

### यूपी-112 पुलिस कर्मियों के साथ मारपीट व सरकारी काम में बाधा डालने के मामले में 5 गिरफ्तार

**जौनपुर :** थाना सरपतहां पुलिस ने यूपी-112 के पुलिस कर्मियों के साथ मारपीट और सरकारी काम में बाधा डालने के मामले में 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक डॉ कौस्तुभ के निर्देश पर की गई।घटना के संबंध में गुरुवार को जानकारी देते हुए क्षेत्राधिकारी शाहगंज अजीत सिंह चौहान ने बताया कि घटना 21 मई की रात करीब 11:03 बजे की है। यूपी-112 को सूचना मिली कि कोइरीपुर में चंद्र कुमार को बंधक बनाकर मारपीट की जा रही है। मौके पर पहुंची पीआरवी 2327 के कमांडर हेड कांस्टेबल बलवंत पाल और ड्राइवर होमगार्ड सुनील कुमार को कुछ लोगों ने घेर लिया। आरोपियों ने गाली-गलौज की और सरकारी काम में बाधा डाली। इस घटना का वीडियो भी वायरल किया गया। पुलिस ने हेड कांस्टेबल बलवंत पाल की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की। गिरफ्तार आरोपियों में नीरज कुमार, जियालाल, आलोक कुमार उर्फ सचिन, देवेन्द्र और करीना शामिल हैं। इनमें से चार आरोपी कोईरीपुर के रहने वाले हैं, जबकि एक सुलतानपुर का रहने वाला है।थाना प्रभारी अमित कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने यह कार्रवाई की। टीम में चार उप-निरीक्षक और सात अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे। आरोपियों के खिलाफ धारा 191(2), 221, 132, 352 इठर और 7 उछअ अउळ के तहत कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### मुख्यमंत्री ने केंद्रीय ऊर्जा मंत्री खट्टर से की मुलाकात, स्वर्ण जयंती समारोह का दिया निमंत्रण



**गंगटोक :** मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग ने गुरुवार को नई दिल्ली में केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर से मुलाकात की है। इस मुलाकात के दौरान सिक्किम के लोगों का प्रतिनिधित्व करते हुए मुख्यमंत्री ने उन्हें सिक्किम राज्य स्थापना की 50वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले समारोह में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री ने यह जानकारी सोशल मीडिया पर दी। मुख्यमंत्री ने प्रसन्नता व्यक्त की कि केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने निमंत्रण स्वीकार कर लिया है तथा इस महत्वपूर्ण अवसर पर भाग लेने के लिए हमारे सुंदर हिमालयी राज्य का दौरा करने में रुचि व्यक्त की है। उन्होंने केंद्रीय मंत्री के प्रति उनके साथ मुलाकात के लिए समय निकालने तथा सिक्किम के लोगों के प्रति उनके समर्थन और सद्भावना के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग ने 20 मई को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की थी और सिक्किम राज्य की स्थापना के स्वर्ण जयंती समारोह में भाग लेने का निमंत्रण दिया था। प्रधानमंत्री ने निमंत्रण स्वीकार कर लिया और आगामी 29 मई को उनका सिक्किम दौरा प्रस्तावित है। इसी तरह बुधवार को मुख्यमंत्री ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात कर निमंत्रण दिया और सीतारमण ने भी निमंत्रण स्वीकार कर लिया है।

### इंडिगो इमरजेंसी लैंडिंग: तृणमूल सांसद बोलीं- पायलट को सैल्यूट, जिन्होंने हमें जमीन पर सुरक्षित उतारा



**कोलकाता :** दिल्ली से श्रीनगर जा रहे इंडिगो के एक विमान में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब विमान श्रीनगर के करीब तेज आंधी और भारी ओलावृष्टि की चपेट में आ गया। इसी विमान में तृणमूल कांग्रेस का पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल भी सवार था। गनीमत रही कि पायलट की सूझबूझ से सभी यात्री सुरक्षित बच निकले, लेकिन इस दौरान विमान के आगे का कुछ हिस्सा टूट गया। इस घटना ने विमान में सवार यात्रियों को भयभीत कर दिया। विमान की खिड़कियों पर बड़े-बड़े ओले गिरते देख यात्री बुरी तरह डर गए। वीडियो फुटेज में भी देखा जा सकता है कि किस तरह विमान जोर-जोर से हिल रहा था। ऐसी परिस्थिति में पायलट को एयर ट्रैफिक कंट्रोल से संपर्क कर इमरजेंसी घोषित करनी पड़ी। पायलट ने शाम लगभग 6:30 बजे विमान को श्रीनगर एयरपोर्ट पर सुरक्षित उतार लिया। विमान में मौजूद तृणमूल प्रतिनिधिमंडल में बंगाल के मंत्री मानस भुइयां, राज्यसभा सांसद डेरेक ओ्ब्रायन, ममता बाला ठाकुर, नादिमुल हक और सागरिका घोष शामिल थीं। विमान हादसे से बाल-बाल बचने के बाद सागरिका घोष ने कहा, ह्लऐसा लगा जैसे जीवन समाप्त होने वाला है। पायलट को सैल्यूट, जिन्होंने हमें जमीन पर सुरक्षित उतारा। उतरने के बाद देखा कि विमान की नाक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। उन्होंने गुरुवार को कहा कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के निर्देश पर कश्मीर का दौरा करने आए हैं और यह पूरा करके ही लौटेंगे। तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी के निर्देश पर यह प्रतिनिधिमंडल कश्मीर में पाकिस्तान की गोलीबारी से प्रभावित इलाकों का दौरा करने गया है। श्रीनगर पहुंचने के बाद बुधवार शाम को प्रतिनिधिमंडल ने जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और पूर्व मुख्यमंत्री फारुक अब्दुल्ला से मुलाकात की।

# वज्रपात से पति-पत्नी की हुई दर्दनाक मौत, तीन बच्चे हुए अनाथ

## पोस्टमार्टम के बाद उक्त दोनों शवों को उनके परिजनों को सौंप दिया गया

संवाददाता

**गुमला :** गुमला जिला अंतर्गत स्थित सिसई थाना स्थित सोंगरा ग्राम निवासी 32 हरखमैन झोरा ( पिता - महादेव झोरा ) पत्नी सुखों झोरा की वज्रपात होने से घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई , बताया जाता हैं की उक्त दोनो पति-पत्नी और अपने तीन बच्चों के ( माता-पिता) मछली मारकर किसी तरह अपने और तीन मासूम बच्चों का भरण पोषण कर रहे थे , और इसी बीच बीती संध्या हुए एकाएक वज्रपात ने उनकी



जीवन लीला समाप्त कर दी और उक्त तीन मासूम बच्चों को अनाथ कर दिया और उक्त तीन मासूम बच्चों के समक्ष ऊपर वाले ने उत्पन्न कर दिया है प्रश्न चिन्ह सच्चे - पालन पोषण और प्यार कर्ता , पढ़ाई-लिखाई , रोटी - कपड़ा और मकान के चौराहे पर पटक दिया हैं, उक्त मासूम बच्चों के लिए कौन आएगा आगे कहना और लच्छेदार भाषण देना अलग-अलग बातें हैं इसके अलावा अन्य तीन लोग महावीर झोरा , बंधन देवी और 12 वर्षीय शिवम्‍ झोरा इन्हें बुधवार को आनन-फानन में इलाज के लिये सिसई रेफरल अस्पताल लाया गया है जहां डॉक्टरों की देखरेख में उसका इलाज चल रहा हैं, जबकि सिसई थाना पुलिस ने सूचना मिलते ही त्वरित कार्रवाई करते हुयें उक्त दोनों पति-पत्नी 32 वर्षीय हरखमैन झोरा और पत्नी सुखो झोरा के उक्त शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु गुमला सदर अस्पताल भेजवाया गया जहां पोस्टमार्टम के बाद उक्त शव को उसके परिजनों को सौंप दिया गया हैं।

### न्यूज ब्रीफ



## अधिकारियों ने महादेव शाल धाम का निरीक्षण किया

विनय मिश्रा

**पचिमी** सिंहभूम जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त कुलदीप चौधरी के द्वारा उप विकास आयुक्त संदीप कुमार मीणा, पोड़ाहाट-चक्रधरपुर अनुमंडल पदाधिकारी श्रुति राजलक्ष्मी, जिला पर्यटन नोडल पदाधिकारी रूपा रानी तिर्की सहित अन्य की उपस्थिति में गोईलकेरा प्रखंड अंतर्गत अवस्थित झारखंड पर्यटन ग्रेड (सी) में सूचीबद्ध स्थल महादेव शाल धाम का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम उपस्थित पदाधिकारी के द्वारा मंदिर में विधि विधान के साथ पूजा अर्चना किया गया, तत्पश्चात स्थानीय मंदिर समिति के सदस्यों के साथ समस्त मंदिर परिसर का भ्रमण कर उपलब्ध आधारभूत व मुलभूत सुविधाओं का अवलोकन किया गया। भ्रमण उपरांत उपायुक्त के द्वारा मंदिर समिति के सदस्यों के साथ आगामी सावन माह के अवसर पर आयोजित होने वाले समस्त कार्यक्रमों एवं आयोजनों से संबंधित जानकारी सहित आवश्यकताओं आदि के संदर्भ में विस्तार से चर्चा किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त के द्वारा सावन मास के अवसर पर भव्य रूप से समस्त आयोजन के संदर्भ में संबंधित पदाधिकारी एवं मंदिर समिति के सदस्य को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया गया।

## पटमदा में आवारा कुत्तों का आतंक, 2 महिलाओं को काटकर किया घायल

**पटमदाः** गुरुवार की अहले सुबह करीब पौने 5 बजे एक आवारा कुत्ते ने पटमदा के लावा गांव निवासी एक महिला को बेलटांड़ जाने के क्रम में रास्ते में काट लिया। उसके हाथ और चेहरे पर काटने से वह लहूलुहान हो गई और किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई। घटना की सूचना पाकर पहुंचे ग्राम प्रधान बृंदावन दास ने घायल महिला नियति प्रमाणिक को पटमदा के माचा स्थित सीएचसी अस्पताल पहुंचाया और डॉक्टर सोमेन कुमार दत्ता ने इलाज किया। उसे वैक्सीन भी लगाया गया। वहीं पटमदा थाना के पास एक अन्य महिला को भी कुत्ते ने काट लिया जिससे वह घायल हो गई।

स्थानीय लोगों की मदद से पटमदा पुलिस ने सीएचसी अस्पताल में इलाज कराया। ग्राम प्रधान बृंदावन दास के अनुसार लावा निवासी नियति प्रमाणिक सुबह साढ़े 4 बजे उठकर पीडीएस दुकान जा रही थी जहां राशन का उठाव के लिए कार्ड जमा करना था। वहां पहुंचने के पूर्व ही यह घटना हुई। स्थानीय लोगों के मुताबिक पिछले करीब 15 दिनों के अंदर पटमदा एवं बोड़ाम में कई आवारा कुत्तों ने लोगों को नुकसान पहुंचाया है। गागीबुरु गांव में आधे दर्जन से अधिक भेड़ और बकरियों को काटने से मौत हो चुकी है।

## चक्रधरपुर मंडल में 14 इंजीनियरिंग कर्मियों का तबादाला

**जमशेदपुर :** चक्रधरपुर मंडल के 14 इंजीनियरिंग कर्मचारियों का तबादला एक से दूसरे सेक्शन में हुआ है। मंडल कार्मिक विभाग से तबादले की सूची सभी स्टेशनों और ब्रांच लाइन में भेजा गया है। तबादला सूची को चक्रधरपुर मंडल के वरिष्ठ मंडल अभियंता ने भी मंजूरी दे दी। इससे वर्षों से एक जगह काम करने वाले इंजीनियरिंग कर्मचारियों को दूसरे सेक्शन में जाना पड़ेगा। बताया जाता है कि, ब्रांच सेक्शन से मेन लाइन में आने वाले रेलकर्मियों में तबादला को लेकर उत्साह है। इधर, रेल मुख्यालय से सभी को तत्काल नए स्थान पर योगदान देने का आदेश हुआ है।

## युवाओं को 16 घंटे का फर्स्ट एड ट्रेनिंग देगा रेडक्रॉस

**जमशेदपुर :** रेडक्रॉस से जुड़े युवाओं को 16 घंटे का फर्स्ट एड ट्रेनिंग मिलेगा। सचिव विजय कुमार सिंह ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि, सामुदायिक फर्स्ट एड ट्रेनिंग पर रेडक्रॉस विशेष ध्यान है ताकि 2025 में 500 कार्यकताओं की टीम तैयार हो सके। दूसरी ओर, रेडक्रॉस इस वर्ष नेत्र ज्योति अभियान में 200 दिन समर्पित करेगी। इससे नेत्र रोगियों के लिए 50 जांच और ऑपरेशन शिविर निर्धारित किया गया है। रेडक्रॉस सचिव के अनुसार, 2025 में 80 रक्तदान शिविर का आयोजन कर 10 हजार यूनिट रक्त संग्रह और 300 यूनिट एसडीपी (सिंगल डोनर प्लेटलेट्स) का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

## टाटा-हटिया ट्रेन का 25 को बदलेगा मार्ग

**जमशेदपुर :** आद्रा मंडल में लाइन ब्लॉक के कारण टाटानगर-आसनसोल मेमू ट्रेन 25 मई को आसनसोल नहीं जाकर आद्रा स्टेशन से ही अपडाउन करेगी जबकि, टाटानगर-हटिया एक्सप्रेस 25 मई को चांडिल से पुरुलिया के बजाय गुंडाबिहार व मुरी होकर चलेगी। इससे कोल्हान के यात्रियों को आवागमन में परेशानी होगी। वहीं, झाड़ग्राम-धनबाद मेमू ट्रेन को रेलवे ने 25 मई तक रद्द कर दिया है। लाइन ब्लॉक के कारण हावड़ा-रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस को मिदनापुर की बाजाय टाटानगर होकर चलाने का आदेश दक्षिण पूर्व जोन से हुआ है।

## नि:शुल्क वुशु ग्रीष्मकालीन शिविर 2025 कल से

**राँची :** झारखंड वुशु एसोसिएशन राज्य के विभिन्न जिला मुख्यालयों पर 22 मई से 12 जून 2025 तक निःशुल्क वुशु प्रशिक्षण शिविर का आयोजन करेगा। सभी के लिए वुशुः स्वस्थ झारखंड₹ थीम पर आधारित यह शिविर 8-25 वर्ष आयु के युवाओं के लिए होगा।

इसकी जानकारी देते हुये झारखण्ड वुशु एसोसिएशन के चेयरमैन श्री चंचल भट्टाचार्य ने बताया की इस गर्मी की छुट्टियों के सदुपयोग के लिए निःशुल्क वुशु प्रशिक्षण शिविर का आयोजन होगा।

इन विभिन्न प्रशिक्षण शिविरो के दौरान वुशु खिलाड़ियों के प्रतियोगिता में तैयारी, आत्मरक्षा तकनीको और फिजिकल फिटनेस का गहन अभ्यास कराया जाएगा। रांची में इस प्रशिक्षण शिविर का आयोजन मोराबादी वुशु हॉल में पूर्ण रूप से निशुल्क होगा।यहाँ प? वुशु कोच दीपक गुडमॉर्निंग के द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस शिविर में भाग लेने वाले प्रतिभागियो को प्रमाण पत्र प्रमाण कोयन जाएगा।

## एकजुट होकर आतंकवाद खत्म करना हैः संतोष

**धनबाद :** कांग्रेसियों ने बुधवार को पुण्यतिथि पर पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को याद किया। हाउसिंग कॉलोनी के जिला कांग्रेस कार्यालय भवन में श्रद्धांजलि सभा हुई। धनबाद जिला कांग्रेस ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि को आतंकवाद विरोधी दिवस के रूप में मनाया। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह की। उन्होंने कहा कि एकजुट होकर देश से आतंकवाद खत्म करना है। कांग्रेसियों ने सर्वप्रथम राजीव गांधी की तस्वीर पर माल्यार्पण किया और श्रद्धांजलि दी। उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया गया। इसके बाद आतंकवाद विरोधी दिवस पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। मौके पर संतोष कुमार सिंह ने कहा कि 1991 में आज ही के दिन पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या कर दी गई थी। आतंकवाद विरोधी दिवस मनाने के पीछे का उद्देश्य लोगों को आतंकवाद और हिंसा से दूर रखना है।

# गुमला एवं डुमरी प्रखंड के विद्यालयों में समर कैंप का सफल आयोजन

## रचनात्मक गतिविधियों से बच्चों में जागरूकता और आत्मविश्वास का विकास



संवाददाता

**गुमला :** गुमला जिले के डुमरी एवं गुमला प्रखंड अंतर्गत विभिन्न विद्यालयों में आज विशेष समर कैंप का आयोजन किया गया। पिरामल फाउंडेशन द्वारा संचालित इस कार्यक्रम में जिला एवं प्रखंड स्तर के शिक्षा विभाग तथा संबंधित ग्राम पंचायतों का सराहनीय सहयोग प्राप्त हुआ। इस समर कैंप का उद्देश्य बच्चों में रचनात्मकता, टीमवर्क, स्वास्थ्य जागरूकता और जीवन कौशल का विकास करना रहा।

डुमरी पंचायत स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय, डुमरी में आयोजित कार्यक्रम में पंचायत की मुखिया नीलमणि मिंज, पिरामल फाउंडेशन से खेमचंद एवं शुभम भारती की उपस्थिति रही। विद्यालय के शिक्षकों और लगभग 160 छात्रों ने इसमें उत्साहपूर्वक भाग लिया। बाल गीत, चेतना गीत, चित्रांकन प्रतियोगिता एवं रोचक गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को शिक्षा के प्रति आकर्षित किया गया एवं उन्हें नियमित रूप से स्कूल आने के लिए प्रेरित किया गया। इसके साथ ही फाइलेरिया जैसी गंभीर बीमारी पर जागरूकता सत्र भी आयोजित किया गया।

वहीं गुमला प्रखंड अंतर्गत राजकीयकृत मध्य विद्यालय, असनी में आयोजित समर कैंप में पंचायत की मुखिया गौरी उरांव, विद्यालय के शिक्षकगण एवं स्थानीय ग्रामीणों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। बच्चों ने बैलून गेम, म्यूजिकल चेयर, दौड़, समूह चर्चा व शब्द खेल जैसी गतिविधियों में भाग लिया, जिससे उनमें सहयोग, अनुशासन, आत्मविश्वास एवं अभिव्यक्ति क्षमता का विकास हुआ। मुखिया गौरी उरांव ने स्वयं भी खेलों में भाग लेकर बच्चों को प्रेरित किया तथा समापन पर सभी प्रतिभागियों को चॉकलेट वितरित किए।

यह समर कैंप पिरामल फाउंडेशन, जिला एवं प्रखंड शिक्षा विभाग तथा पंचायत प्रतिनिधियों के समन्वित प्रयास से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, जो बच्चों के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल सिद्ध हुआ।

# सिकल सेल एनीमिया जांच शिविर में नागरिकों की रही सक्रिय भागीदारी



**गुमला :** गुमला जिले में सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन की दिशा में उपायुक्त गुमला कर्ण सत्यार्थी के नेतृत्व में गुमला जिले में व्यापक जागरूकता एवं जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आज नगर परिषद, गुमला द्वारा नगर भवन परिसर में एक विशेष सिकल सेल एनीमिया जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें नगर क्षेत्र के नागरिकों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया।

उपायुक्त ने पूर्व में सभी विभागों को निर्देशित किया था कि वे अपने-अपने क्षेत्राधिकार में शत-प्रतिशत नागरिकों की सिकल सेल एनीमिया जांच सुनिश्चित करें, ताकि जिले को इस गंभीर बीमारी से मुक्त करने की दिशा में प्रभावी कार्रवाई की जा सके। इस निर्देश के आलोक में नगर परिषद द्वारा इस शिविर का आयोजन किया गया। नगर भवन में आयोजित शिविर में लगभग 120 नागरिकों की जांच की गई, जिसमें से 4 नागरिक सस्पेक्टेड पाए गए। इन संदिग्ध मामलों को आगे की चिकित्सा जांच एवं परामर्श हेतु चिन्हित कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। शिविर के आयोजन में नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी सरजन मरांडी, सिटी मैनेजर हेलाल अहमद खान, रौनक पांडेय, मुन्ना कुमार, सुजीत राम, रविंद्र मांझी, संदीप उरांव तथा सभी सफाईकर्मियों की सक्रिय भूमिका रही। इनके समन्वित प्रयासों से शिविर सफलतापूर्वक आयोजित हुआ। इस अवसर पर कार्यपालक पदाधिकारी ने नागरिकों से अपील की कि वे सिकल सेल एनीमिया की जांच अनिवार्य रूप से कराएं, ताकि समय पर निदान एवं उपचार संभव हो सके। उन्होंने बताया कि नगर परिषद द्वारा भविष्य में भी इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

# बाल विवाह की रोकथाम को लेकर प्रधानाध्यापकों की हुई बैठक



**गुमला :** गुमला उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के निदेर्शानुसार जिले में सामाजिक कुरीतियों एवं जनस्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं की रोकथाम के लिए विभिन्न स्तरों पर प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। इसी क्रम में आज दिनांक बुधवार को चैनपुर अनुमंडल पदाधिकारी पूर्णिमा कुमारी की अध्यक्षता में चैनपुर अनुमंडल अंतर्गत सभी हाई स्कूल एवं प्लस टू विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य युवाओं में नशीली दवाओं एवं मादक पदार्थों के सेवन के दुष्परिणामों को लेकर जागरूकता फैलाना, सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना तथा बाल विवाह जैसी सामाजिक कुप्रथा को जड़ से समाप्त करना था।

बैठक में अनुमंडल क्षेत्र के सभी सरकारी हाई स्कूल एवं + 2 विद्यालयों के प्रधानाध्यापक उपस्थित रहे। सभी प्रतिभागियों ने विद्यार्थियों को संवेदनशील विषयों पर जागरूक करने हेतु विद्यालय स्तर पर प्रभावी जागरूकता कार्यक्रम संचालित करने की आवश्यकता पर बल दिया।

अनुमंडल पदाधिकारी, चैनपुर ने प्रधानाध्यापकों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यालय सिर्फ शिक्षा देने का केंद्र नहीं है, बल्कि सामाजिक परिवर्तन का आधार भी है। उन्होंने निर्देश दिया कि प्रत्येक विद्यालय में नियमित रूप से नशामुक्ति, सड़क सुरक्षा एवं बाल विवाह विरोधी जागरूकता अभियान चलाया जाए। इसके साथ ही विद्यार्थियों को नशे से दूर रखने के लिए परामर्श, पोस्टर, नाटक, निबंध प्रतियोगिता जैसे माध्यमों से प्रेरित करने की बात कही गई।

# छोटे भाई को पेट्रोल छिड़ककर जला डाला था, गिरीडीह में कोर्ट ने सुनाई सख्त सजा

**गिरीडीह :** सगे भाई की हत्या के दोषी को आजीवन कारावास एवं दस हजार रुपये अर्थ दंड से दंडित किया गया है। जिला एवं सत्र न्यायाधीश चतुर्थ हरिओम कुमार की अदालत ने बुधवार को सरिया थाना क्षेत्र के कोयरीडीह निवासी अजय राम को यह दंड दिया है। अदालत ने अजय को अपने सगे छोटे भाई विजय राम को पेट्रोल छिड़कर जलाकर हत्या करने का दोषी पाये जाने पर दंडित किया है। इसके पूर्व अदालत में सजा के बिंदुओं पर सुनवाई शुरू हुई। बचाव पक्ष के अधिवक्ता अजय कुमार सिन्हा ने न्यूनतम सजा देने की अपील की। उन्होंने कहा कि अजय राम पर पहले से कोई आपराधिक मुकदमा नहीं है। वहीं पीपी अशोक कुमार ने कहा कि यह एक जघन्य हत्या है। सगे भाई ने छोटी बात को लेकर घटना को अंजाम दिया था। न्यायालय ने दोनों पक्षों के दलीलें सुनने के बाद दोषी को दंडित किया। यह घटना सरिया थाना क्षेत्र के कोयरीडीह गांव की है। 20 सितंबर 2023 को यह घटना घटी थी।

**दोनों भाइयों ने मिलकर शुरू किया था व्यवसाय :** इस मामले की प्राथमिकी मृतक विजय राम की पत्नी की शिकायत पर सरिया थाना में दर्ज की गई थी। दर्ज प्राथमिकी में कहा गया था कि उसके पति विजय राम और अभियुक्त अजय राम सगे भाई थे।

# गांव-गांव तक जा रहा है मोबाइल मेडिकल यूनिट



संवाददाता

**गुमला :** गुमला उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के नेतृत्व में गुमला जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रधानमंत्री जनजाति न्याय महा अभियान के अंतर्गत विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों ( के सर्वांगीण विकास हेतु विभिन्न प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में जिले में छह चलंत मेडिकल यूनिट्स की तैनाती की गई है, जिनका उद्देश्य दूर-दराज और दुर्गम इलाकों में निवास करने वाले आदिवासी समुदायों को सुलभ, समर्पित और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है।

गुमला जिले के बिरजिया, असुर, बिरहोर जैसे लगभग 3,475 पीवीटीजी परिवारों को यह सेवाएं सीधे उनके घर-द्वार तक पहुंच रही हैं। ये चलंत इकाइयाँ पूरी तरह से सुसज्जित हैं, जिनमें डॉक्टर, नर्स, फार्मासिस्ट और आयुष्मान मित्र शामिल हैं। ये टीमें प्रतिदिन 2 से 3 गाँवों का दौरा करती हैं और प्रत्येक माह लगभग 30 से 40 गांवों को सेवाएं प्रदान करती हैं। इकाइयों के माध्यम से किट-आधारित त्वरित परीक्षण, चिकित्सकीय परामर्श, मानसिक स्वास्थ्य संबंधी परामर्श, मधुमेह व उच्च रक्तचाप जैसे गैर-संचारी रोगों की जांच, आयुष्मान भारत गोल्डन कार्ड का निर्गमन तथा गंभीर रोगियों को गुमला जिला अस्पताल में रेफर कर समुचित इलाज की सुविधा सुनिश्चित की जाती है।

गुमला के कई दूरवर्ती क्षेत्रों में पूर्व में स्वास्थ्य सेवाओं की गंभीर कमी थी। अनेक गांवों में प्राथमिक उपचार की भी सुविधा नहीं थी और मरीजों को इलाज के लिए 10 से 20 किलोमीटर तक की दूरी तय करनी पड़ती थी। इस चुनौती को ध्यान में रखते हुए इन चलंत इकाइयों की शुरूआत की गई, जिससे समुदायों को समय पर उपचार मिल सके और उनके स्वास्थ्य स्तर में सुधार हो।

अब तक 10 हजार से अधिक लोगों ने इन चलंत इकाइयों से लाभ लिया है, जिनमें से 80 प्रतिशत लोगों ने पहली बार अपने ही गाँव में स्वास्थ्य सेवा का लाभ उठाया। मधुमेह और उच्च रक्तचाप जैसे रोगों की पहचान कर सैकड़ों लोगों को दवा और नियमित फॉलोअप की सुविधा दी गई है। मानसिक स्वास्थ्य जैसे संवेदनशील विषयों पर भी इन इकाइयों के माध्यम से 500 से अधिक लोगों को परामर्श दिया गया है, जिससे तनाव, अवसाद और चिंता जैसी समस्याओं का समाधान संभव हुआ है। गंभीर बीमारियों से पीड़ित 200 से अधिक लोगों को गुमला जिला अस्पताल रेफर कर सफल इलाज कराया गया है।

इसके अतिरिक्त जागरूकता शिविरों के माध्यम से समुदायों को स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति जागरूक किया गया है, जिससे अब लगभग 70 प्रतिशत परिवार नियमित स्वास्थ्य जांच कराने के लिए आगे आ रहे हैं, जो पूर्व में मात्र 10 प्रतिशत था। ढट-खअठटअठ के माध्यम से ढश्ळऋ समुदायों की आवश्यकताओं को प्राथमिकता दी जा रही है।



भईया एवं भाभी के शादी के सालगिरह पर हार्दिक शुभकामना एवं बधाई

भईया प्रोफेसर विकास कुमार मिश्रा प्राचार्य जगन्नाथपुर डिग्री कॉलेज एवं भाभी अनीता मिश्रा के शादी के सालगिरह पर सभी परिजनों की तरफ से हार्दिक शुभकामना और बधाई ।

मिश्रा निवास
वार्ड संख्या 10
चक्रधरपुर